www.tamsasanket.com
वर्षः 30|| अंक 27 ||अम्बेडकरनगर
शनिवार
18 अप्रैल 2026||पृष्ठः 08||मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

**मौसम**
सूर्योदयः 05:41
सूर्यास्तः 06:31
अधिकतमः 41°00
न्यूनतमः 26°00



पेज 07

विशेष समाचार
आखिर लोकसभा-विधानसभ... >>पेज 04
गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने ... >>पेज 06
दुनियाभर में बढ़ रही ...

# महिला आरक्षण की राह में 'महाब्रेक'

## लोकसभा में गिरा संविधान संशोधन बिल

**चर्चा**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । महिला आरक्षण बिल से जुड़ा संविधान (131वां) संशोधन बिल सरकार लोकसभा में पास नहीं करा पाई। इसमें संसद की 543 सीटों से बढ़ाकर 850 सीटें करने का प्रावधान था।

21 घंटे की चर्चा के बाद इस पर वोटिंग हुई। लोकसभा में 528 सांसदों ने वोट डाले। पक्ष में 298, विपक्ष में 230 वोट पड़े। लोकसभा में मौजूदा सांसदों की संख्या 540 है, तीन सीटें खाली हैं।

बिल को पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। 528 का दो तिहाई 352 होता है। इस तरह ये बिल पास 54 वोट से गिर गया।

>> (शेष पेज 06 पर)

### शाह बोले- ट्रिपल तलाक से लेकर ऑपरेशन सिंदूर तक, विपक्ष ने विरोध किया

शाह ने कहा- हमारे लिए कोई मायने नहीं रखता कि महिलाओं को प्रस्थापित करने के लिए, उनकी हिस्सेदारी देने के लिए जिसका भी सामना करना पड़े। हम करेंगे, लड़ेंगे और आरक्षण देकर रहेंगे। एक पत्रकार का फोन आया कि विरोध का तो कारण ही नहीं है। मैंने कहा कि देखों सिर्फ महिला आरक्षण बिल का विरोध नहीं हो रहा है। >> (शेष पेज 06 पर)

**पक्ष में 298 विपक्ष में 230 वोट पड़े**





मोदी सरकार पहली बार बिल पास कराने में नाकाम

महिला आरक्षण से जुड़ा बिल 54 वोट से गिरा

### राहुल अपने ही सांसदों के सामने हंसी का पात्र बने

संसद में राहुल गांधी के भाषण पर केंद्रीय मंत्री और LJP सांसद चिराग पासवान ने कहा, आज उन्होंने नेता प्रतिपक्ष के पद की गरिमा को कम किया है। जब आप उदाहरण देते हैं और उन्हें PM से जोड़ते हैं तो आप अपनी सीमा पार कर जाते हैं। आप अपनी पार्टी के पहली बार सांसद बने सदस्यों के लिए किस तरह का उदाहरण पेश कर रहे हैं? कहीं न कहीं, उन्होंने अपने ही सांसदों के सामने खुद को हंसी का पात्र बना लिया है।

### इससे जुड़े दो बिल पेश नहीं किए

**पहला-** परिसीमन संशोधन संविधान बिल 2026

**दूसरा-** केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल 2026

सरकार ने इन पर वोटिंग कराने से इनकार कर दिया। कहा कि ये बिल एक-दूसरे से लिंक है इसलिए वोटिंग की जरूरत नहीं है।

### हमने संविधान पर हुए इस हमले को हरा दिया

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, हमने संविधान पर हुए इस हमले को हरा दिया है। हमने साफ तौर पर कहा है कि यह महिला आरक्षण बिल नहीं है, बल्कि यह भारत की राजनीतिक संरचना को बदलने का एक तरीका है।



### विपक्ष बिना सोचे-समझे बस विरोध कर रहे हैं

शाह ने कहा- विपक्ष ने अच्छा बुरा सोचे बिना मोदी जी जो करे रहे हैं, उसका विरोध करने का ठान लिया है। देश की माताओं बहनों के लिए आरक्षण आ रहा है तो लग रहा था विरोध नहीं होगा। लेकिन हो रहा है। मैं अभी बताया कि 2023 में सर्वसम्मति से ये बिल पारित हुआ लेकिन आज कांग्रेस पीछे हट रही है। इसके दो ही कारण हैं- क्योंकि बिल मोदी जी ला रहे हैं और क्रेडिट उन्हें मिलेगा। मोदी जी ने उन्हें एड देकर क्रेडिट देने का कह दिया फिर भी ये नहीं मान रहे हैं। हमारे नेता ने कहा कि अंतरआत्मा की आवाज से वोट करिए। अंतरआत्मा की आवाज का नारा इंदिरा जी का है।

### इन तीन बिलों पर लोकसभा में चर्चा

**संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026:**
लोकसभा सीटें 850 करने का प्रस्ताव है। राज्यों से 815 और केंद्र शासित प्रदेश से 35 सीटें हो सकती हैं।

**परिसीमन (संशोधन) विधेयक, 2026:**
परिसीमन के लिए 'जनसंख्या' की परिभाषा में बदलाव किया जाएगा। ताकि 2011 की जनगणना को आधार बनाया जाए।

**केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2026:**
यह विधेयक पुडुचेरी, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के कानूनों में संशोधन करता है, ताकि परिसीमन और महिला आरक्षण बिल लागू हो सकें।



"11 साल के शासन में यह पहला मौका जब मोदी सरकार सदन में कोई बिल पास नहीं करा पाई। इससे पहले अमित शाह ने एक घंटा स्पीच दी थी। कहा कि अगर ये बिल पास नहीं होते हैं तो इसकी जिम्मेदारी विपक्ष की होगी। देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनकी राह का रोड़ा कौन है।



■ लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, हमने संविधान पर हुए इस हमले को हरा दिया है। हमने साफ तौर पर कहा है कि यह महिला आरक्षण बिल नहीं है, बल्कि यह भारत की राजनीतिक संरचना को बदलने का एक तरीका है।

# तीसरी बार राज्यसभा के उपसभापति बने हरिवंश

## पहली बार मनोनीत सदस्य को पद मिला

**चयन**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। हरिवंश नारायण सिंह तीसरी बार राज्यसभा के उपसभापति बने हैं। उन्हें शुक्रवार को निर्विरोध चुना गया हैं। विपक्ष की ओर से कोई नाम नहीं आया था।

पहली बार किसी मनोनीत सदस्य को राज्यसभा का उपसभापति चुना गया है। हरिवंश के समर्थन में राज्यसभा सचिवालय को पांच प्रस्ताव मिले। सदन के नेता जेपी नड्डा ने पहला प्रस्ताव रखा, जबकि दूसरा प्रस्ताव नितिन नवीन ने दिया।

पीएम मोदी ने कहा कि लगातार तीसरी बार उपसभापति चुना जाना इस बात का प्रमाण है कि सदन को आप पर गहरा भरोसा है। बीते समय में आपके अनुभव का सदन को लाभ मिला है। आपने सभी को साथ लेकर चलने की कोशिश की है।

हरिवंश का पिछला कार्यकाल 9 अप्रैल को खत्म हुआ था। उनकी पार्टी JDU ने इस बार नाम नहीं दिया था।

>> (शेष पेज 06 पर)



■ पीएम बोले- सदन को उन पर गहरा भरोसा है

# एफआईआर राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज करने का आदेश

## दोहरी नागरिकता से जुड़े मामले में सुनवाई

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ FIR दर्ज करने का आदेश दिया है। दोहरी नागरिकता से जुड़े मामले में शुक्रवार को लखनऊ बेंच में सुनवाई हुई। यह मामला निचली अदालत के उस फैसले के खिलाफ है, जिसमें राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को खारिज कर दिया था। यूपी गवर्नमेंट की तरफ से वकील ने कहा कि इस पूरे प्रकरण की जांच CBI करे। इस पर जज ने मंजूरी देते हुए कहा कि FIR दर्ज करके मामले को सीबीआई को ट्रांसफर किया जाए। अब एफआईआर दर्ज होने के बाद प्रकरण की जांच सीबीआई करेगी।

यह मामला पहली बार इस स्तर पर लखनऊ बेंच में विस्तार से सुना जा रहा है, जिसमें केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय ने आधिकारिक रूप से अपना पक्ष रखा है।

>> (शेष पेज 06 पर)



■ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा- ब्रिटिश नागरिकता की जांच करे सीबीआई

**फास्ट न्यूज**

### देश बांग्लादेशी मुसलमानों का अड्डा बन जाएगा

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल के मालदा में चुनाव प्रचार के दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा- हर जनगणना में मुस्लिम आबादी 4-5% बढ़ी है। असम में भी यही हो रहा है। मैं बंगाल के लोगों से अपील करता हूं कि देश को बचाना आपके हाथों में है।

**आरोप** **मांग**

### टीसीएस नासिक केस- मानवाधिकार आयोग ने मांगी रिपोर्ट

नासिक। नासिक के TCS ऑफिस में धर्मांतरण और यौन उत्पीड़न के आरोपों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के DGP समेत कई विभागों से रिपोर्ट मांगी है। इस बीच फरार आरोपी निदा खान ने अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट में अर्जी दी है। उन्होंने बताया कि वह गर्भवती है। वहीं, निदा के पिता ने कहा कि उनकी बेटी के खिलाफ साजिस हुई है। SIT ने शुक्रवार को मुंबई के मुंब्रा में निदा के पति से 4 घंटे पूछताछ की। इस मामले में अब तक 8 लोगों के खिलाफ 9 FIR दर्ज की गई है। पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार कर किया है।

### सबरीमाला केस में 5वें दिन की सुनवाई

नई दिल्ली। केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 5वें दिन की सुनवाई जारी है। याचिकाकर्ता की तरफ से एडवोकेट राजीव धवन ने कोर्ट से कहा कि आस्था या विश्वास समय के साथ हमेशा बदलते रहते हैं। यह बदलाव सिर्फ किसी कानून के बन जाने से नहीं आता; बल्कि यह बदलाव तो लोगों के बीच से ही उभरकर आता है।

# गर्मी के बीच राजस्थान में बारिश हरियाणा में ओले गिरे

## यूपी के बांदा में पारा 44डिग्री सेल्सियस पार

**मौसम**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली/ भोपाल/ जयपुर/ लखनऊ । देश के मैदानी राज्यों में भीषण गर्मी जारी है। गुरुवार को यूपी के बांदा में पारा 44.4C, एमपी के नर्मदापुरम में 43C, राजस्थान के बाड़मेर में 42.9C रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा में पारा 40C से 45C के बीच है।

इधर, राजस्थान के हनुमानगढ़ में बारिश के साथ ओले गिरने से मंडी में रखा अनाज भीग गया। मौसम विभाग के मुताबिक, आज जयपुर समेत 5 से ज्यादा जिलों में बरसात हो सकती है। हरियाणा में भी शुक्रवार दोपहर को बारिश और ओले गिरे। छत्तीसगढ़ में हीटवेव के कारण 11 दिन पहले स्कूलों में छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। मध्य प्रदेश के अनूपपुर-डिंडोरी में भी स्कूलों का समय बदलकर सुबह 7 से 12 बजे तक कर दिया गया है। गुजरात, महाराष्ट्र, झारखंड में अगले 3 दिन लू का अलर्ट है।

>> (शेष पेज 06 पर)




■ मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में लू की चेतावनी

## कमर्शियल जहाज गुजर सकेंगे, लेबनान में सीजफायर के बाद फैसला

# ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट खोला


**फैसला**

■ ट्रम्प बोले- शुक्रिया, लेकिन ईरान की नाकाबंदी जारी रहेगी

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी । ईरान ने सीजफायर के दौरान होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह खोल दिया है। विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने X पर पोस्ट कर बताया कि सभी कमर्शियल जहाजों को गुजरने की इजाजत होगी। यह फैसला लेबनान में सीजफायर के बाद लिया गया है। उन्होंने बताया कि जहाज एक सुरक्षित रास्ते से गुजरेंगे, जिसे ईरान के पोर्ट्स और मैरीटाइम ऑर्गेनाइजेशन ने पहले से तय कर रखा है, ताकि सफर के दौरान कोई खतरा न हो। अराघची ने कहा कि इस दौरान जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी, ताकि समुद्री व्यापार प्रभावित न हो। इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर ईरान को शुक्रिया कहा है।

>> (शेष पेज 06 पर)



### परमाणु हथियार बनाने के बहुत करीब ईरान

यूरेनियम एक ऐसा पदार्थ है, जिससे परमाणु ऊर्जा भी बनाई जा सकती है और परमाणु बम भी। फर्क सिर्फ इस बात से पड़ता है कि उसे कितना एनरिच यानी शुद्ध किया गया है।

प्राकृतिक यूरेनियम में काम का हिस्सा बहुत कम होता है, इसलिए उसे मशीनों (सेंट्रीफ्यूज) के जरिए स्टेप बाय स्टेप शुद्ध किया जाता है। इसी प्रक्रिया को 'यूरेनियम एनरिचमेंट' कहते हैं।

अंतरराष्ट्रीय एजेंसी IAEA की रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान के पास कुल मिलाकर करीब 5 से 6 टन के बीच एनरिच्ड यूरेनियम मौजूद है। >> (शेष पेज 06 पर)

### ट्रम्प का दावा- ईरान यूरेनियम सौंपने को तैयार

ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान अपने एनरिच्ड (संवर्धित) यूरेनियम का भंडार अमेरिका को सौंपने के लिए तैयार हो गया है। एनरिच्ड यूरेनियम का इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने में होता है।

ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से यह भी कहा कि दोनों देश शांति समझौते के काफी करीब हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह डील हो जाती है तो तेल की सप्लाई शुरू हो जाएगी और हालात सामान्य हो जाएंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि अगर समझौता इस्लामाबाद में होता है तो वे पाकिस्तान भी जा सकते हैं। हालांकि ईरानी मीडिया ने ट्रम्प के दावे को गलत बताया है और कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति हवाई किले बना रहे हैं।

**कार्रवाई :** अब बुलडोजर बाकी हिस्सों को तोड़ रहा, डीएम-एसपी पहुंचे, भीड़ को खदेड़ा

# ढहाई गई संभल मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार

तमसा संकेत, एजेंसी

संभल । संभल में मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे गिरा दी गई। अब बुलडोजर मस्जिद के बाकी हिस्सों को तोड़ रहा है। इससे पहले, सुबह साढ़े 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक मस्जिद के बाहर की पांच दुकानों को तोड़ा गया। मस्जिद की मीनार तोड़ने के लिए प्रशासन ने दो हाइड्रा मशीनें बुलाईं। एक मजदूर मीनार पर चढ़कर रस्सी को बांधा, फिर उसके दूसरे सिरे को दोनों हाइड्रा मशीनों से बांधा। इसके बाद मशीनों से खींचकर मीनार को गिरा दिया। मामला मुबारकपुर बंद गांव का है। प्रशासन के मुताबिक, 15 साल पहले सरकारी जमीन पर मस्जिद का निर्माण कराया गया था। फिलहाल, डीएम राजेंद्र पेंसिया और एसपी केके बिश्नोई समेत 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी मौके पर हैं। गांव वाले जुटने लगे तो विरोध की आशंका को देखते हुए पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। >> (शेष पेज 06 पर)



मुबारकपुर बंद गांव में करीब 30 साल पहले सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया गया था। 15 साल पहले खेल मैदान पर 150 वर्गमीटर में मस्जिद का निर्माण किया गया।



### दो ग्रामीण अपने मकान खुद तोड़ रहे

मुबारकपुर बंद गांव गुलाम रसूल और आसमा के मकानों के कुछ हिस्से सरकारी जमीन पर बने हैं। प्रशासन ने दोनों से खुद ही कब्जा हटाने को कहा है। इसके बाद आसमा ने घर के आगे बने हिस्से को और गुलाम ने घर के गेट को छैनी-हथौड़ी से तोड़ना शुरू कर दिया है। गुलाम ने कहा- अब क्या कहें साहब..यह जमीन प्रधान के चाचा से 30 हजार में खरीदी थी, हमें कोई जानकारी नहीं थी कि यह ग्राम समाज की जमीन है। बहुत नुकसान हो गया है। वहीं, आशा कार्यकर्ता आसमा ने कहा- अगर यह सरकारी जमीन थी, तो प्रधानों ने इसे क्यों बेचा? हमने 30 साल पहले जमीन खरीद थी। अगर उन्हें जमीन खाली करनी पड़ रही है तो उन्हें दी गई राशि वापस मिलनी चाहिए।

### संभल डीएम बोले- सरकारी जमीन पर हुआ था अवैध निर्माण

संभल डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने कहा- मुबारकपुर बंद गांव में ग्राम प्रधान ने 3 महीने पहले सरकारी जमीन पर निर्माण की शिकायत की थी। तहसील में मुकदमा दायर किया गया। सुनवाई के बाद 30 दिन अपील का समय भी दिया गया। >> (शेष पेज 06 पर)

# भाजपा नेता की हत्या में कर्नाटक कांग्रेस एमएलए को हुई उम्रकैद

## 2016 के केस में विनय कुलकर्णी समेत 17 को सजा

**सजा**

तमसा संकेत, एजेंसी

बेंगलुरु । कर्नाटक के भाजपा नेता योगेश गौड़ा गौदार हत्याकांड में बेंगलुरु के स्पेशल कोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री विनय कुलकर्णी समेत 17 दोषियों को उम्रकैद की सजा दी है। कोर्ट ने सभी दोषियों पर 30-30 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

कर्नाटक के धारवाड़ में 15 जून 2016 को बीजेपी नेता और जिला पंचायत सदस्य योगेश गौड़ा की उनके जिम में हत्या कर दी गई थी। शुरुआत में स्थानीय पुलिस ने जांच की, लेकिन राजनीतिक दबाव और आरोपों के चलते 2019 में मामला CBI को सौंप दिया गया था।

कोर्ट ने 15 अप्रैल को कांग्रेस विधायक और 16 अन्य लोगों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 120B (आपराधिक साजिश) के तहत दोषी ठहराया था।

>> (शेष पेज 06 पर)



विनय कुलकर्णी, कांग्रेस MLA

■ सजा के बाद कांग्रेस विधायक की सदस्यता जाने की संभावना

■ दो आरोपियों को कोर्ट ने सबूतों के अभाव में बरी किया

## बोले- 25 साल से बिजली बिल भर रहे, अफसर कह रहे अपने खर्चे से सही कराओ ट्रांसफॉर्मर

# व्यापारियों का जोरदार प्रदर्शन

**नारेबाजी**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। इंदिरानगर मेट्रो स्टेशन के पास स्थित सहारा ट्रेड सेंटर के लगभग 150 से अधिक दुकानदारों ने शुक्रवार को बिजली विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। नाराज व्यापारियों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाजार में घूम-घूमकर बिजली विभाग मुर्दाबाद, बिजली विभाग होश में आओ के नारे लगाए गए।

व्यापारियों के अनुसार कुछ समय पहले क्षेत्र का ट्रांसफॉर्मर खराब हो जाने से लगभग 48 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। शिकायत करने पर विद्युत उपकेंद्र HAL, इंदिरानगर द्वारा अस्थायी ट्रॉली ट्रांसफॉर्मर लगाकर आपूर्ति



व्यापारी काफी आक्रोशित दिखे। उन्होंने बिजली विभाग के मुर्दाबाद के नारे लगाए।

बहाल तो कर दी गई, लेकिन स्थायी समाधान अब तक नहीं किया गया है।

व्यापारी अनूप कुमार सिंह ने कहा कि अगर हम लोगों की बात सुनी नहीं गई तो विभाग के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। हम लोग विभाग के मनमानी के खिलाफ कोर्ट भी जाएंगे। ताकि हमारी बात सुनी जाए। पिछले करीब 25 साल से नियमित रूप से अपने-अपने व्यावसायिक बिजली बिल का भुगतान करते आ रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी विभाग अपनी जिम्मेदारी निभाने से पीछे हट रहा है। शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

जब उन्होंने विभागीय अधिकारियों से संपर्क किया तो उन्हें ट्रांसफॉर्मर अपने खर्च पर ठीक कराने की बात कही गई, लेकिन यह पूरी तरह से गलत है।

- **दुकानदार राजकुमार मौर्य ने बताया- 150 व्यापारी हैं। सभी को बिजली विभाग ने कनेक्शन दे रखा है।**
- **यहां पर ट्रांसफार्मर खराब हो गया। इसके बाद बिजली विभाग ने कनेक्शन काट दिया था। विरोध और प्रदर्शन के बाद फिर से लाइट जोड़ा गया।**
- **अनूप कुमार सिंह ने कहा- जब विभाग उनसे कई साल से फिक्स्ड चार्ज वसूल रहा है, तो ट्रांसफॉर्मर और अन्य बुनियादी ढांचे का रखरखाव भी विभाग की जिम्मेदारी है।**

### व्यापारी बोले- विभाग लगवाए ट्रांसफॉर्मर

इस मामले में व्यापारियों ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1) के तहत आरटीआई भी दायर की है, जो वर्तमान में विचाराधीन है। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि खराब ट्रांसफॉर्मर को तत्काल विभागीय स्तर पर ठीक या बदलवाया जाए। जब तक ट्रांसफॉर्मर के स्वामित्व को लेकर स्पष्टता नहीं हो जाती, तब तक निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। व्यापारी राज कुमार मौर्य और राजू श्रीवास्तव ने कहा कि कि यदि कोई ऐसा नियम है जिसके तहत उपभोक्ताओं को स्वयं ट्रांसफॉर्मर बनवाना पड़ता है, तो उसे सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

## 'शंकराचार्य सपा के इशारे पर काम कर रहे हैं'

लखनऊ। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। गोमाता के प्रति हमारी जिम्मेदारी और सरकार के प्रयासों के बारे में मैं कुछ बातें साझा करना चाहता हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गो संरक्षण के लिए दी जाने वाली दैनिक राशि को 30 से बढ़ाकर 50 कर दिया गया है।

धर्मपाल सिंह ने शुक्रवार को दुग्धशाला विकास विभाग की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित दुग्ध स्वर्ण महोत्सव-2026 का शुभारंभ किया। 2 दिवसीय महोत्सव इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स हॉल में हो रहा है। इसमें दुग्ध उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। धर्मपाल सिंह ने कहा- वर्तमान में हमारे पास 7,500 गो संरक्षण केंद्र हैं, जहां लगभग 13.5 लाख गायों का पालन-पोषण किया जा रहा है। इन पर प्रतिदिन 8 करोड़ से अधिक का खर्च आता है। सरकार अकेले सब कुछ नहीं कर सकती।

## उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज में किया जनता दर्शन

### जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निर्देश



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने शुक्रवार को सर्किट हाउस, प्रयागराज में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों की समस्याओं को गंभीर-तापूर्वक सुना। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधिगणों के साथ आमजन ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखा।

उप मुख्यमंत्री जी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

श्री मौर्य ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता से जुड़े मामलों में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

**फास्ट न्यूज**

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से अधेड़ की मौत

लखनऊ। लखनऊ के मड़ियांव थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने घर जा रहे एक अधेड़ को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। जब पूरी रात वो घर नहीं पहुंचे तो परिवार-जनों ने उनकी खोज शुरू की और उन्हें घर के सामने ही शव मिला। फैजुल्लागंज स्थित मौर्य मार्केट निवासी 55 वर्षीय देवेंद्र कुमार पांडे गुरुवार रात घर के सामने की सड़क पार कर घर जा रहे थे।

### एलडीए की टीम को दौड़ाकर पीटा

लखनऊ। लखनऊ में LDA की टीम को दौड़ाकर पीटा गया। जोनल अधिकारी अधिकारी के पैर और सीने में चोट आई है। दूसरे कर्मचारी भी घायल हुए हैं। घटना सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के चिलौला गांव में हुई। LDA टीम गुरुवार को अवैध निर्माण तोड़ने पहुंची थी। इस दौरान पुलिस और प्रवर्तन दस्ता (ETF) की टीम पर भीड़ ने हमला बोल दिया। उपद्रवियों ने लाठी-डंडों और ईंट-पत्थरों से पथराव कर कई सरकारी गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी के मुताबिक कासिम बाबा व अन्य द्वारा कराए जा रहे अवैध व्यावसायिक निर्माण को गिराने के लिए संयुक्त टीम मौके पर पहुंची थी।

### 'पहले मीटर बदलो, फिर बात होगी'

लखनऊ। लखनऊ में स्मार्ट मीटर का विरोध बढ़ता जा रहा है। गुरुवार दोपहर इंदिरानगर के लोगों का आक्रोश सेक्टर-14 के पावर हाउस में फूट पड़ा। लोगों ने वहां पहुंचकर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। करीब एक घंटे तक पावर हाउस में प्रदर्शन किया तो अधिकारियों ने कहा कि चलिए समस्या देखते हैं।

## अन्तर कार्यालय जिला कैरम प्रतियोगिता सम्पन्न



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। जिला कैरम एसोसिएशन, लखनऊ एवं इरीगेशन स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में आयोजित अन्तरकार्यालय कैरम प्रतियोगिता के फाइनल मैचों के परिणाम इस प्रकार रहे।पुरूष एकल के फाइनल मैच में राहुल (सिंचाई विभाग) ने श्याम जी (पंजाब नैशनल बैंक) को पराजित करके पुरूष एकल का खिताब हासिल किया। पुरूष वैटर्न एकल (60+) वर्ग के फाइनल मैच में बलराम (सिंचाई विभाग) ने मनोज कुमार (एस.बी.आई.) को पराजित करके वैटर्न एकल का खिताब जीता। पुरूष युगल के फाइनल मैच में डी.वी. सिंह एवं शेखर कुमार (पोस्टल) की जोड़ी ने दानिश इकबाल सिद्दीकी एवं रवि धर (सिंचाई विभाग) की जोड़ी को पराजित करके पुरूष युगल का खिताब जीता।

टीम चैम्पियनशिप लीग के आधार पर खेली गयी, जिसमें सिंचाई विभाग, एस0बी0आई0, आर0बी0आई0, जी0एस0आई0 एवं ब्रिज कारपोरेशन की टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। टीम चैम्पियन-शिप में सिंचाई विभाग ने समस्त टीमों को पराजित करते हुए टीम चैम्पियनशिप का खिताब जीता।

## कम नंबर आने पर हाईस्कूल के छात्र ने सुसाइड किया

लखनऊ । लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम हाईस्कूल के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, छात्र ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में कम नंबर आने के बाद यह कदम उठाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच शुरू की है। मृतक छात्र की पहचान जीत कुमार (16) के रूप में हुई है। वह मेमौरा छावनी रोड स्थित एयरफोर्स से रिटायर्ड रंजीत कुमार का बेटा था। जीत ने सीबीएसई बोर्ड की हाई स्कूल परीक्षा दी थी। परीक्षा परिणाम में कम अंक आने के कारण परिजनों ने उसे मोबाइल कम चलाने की हिदायत दी थी। लोगों का कहना है कि इसी से नाराज होकर जीत कुमार ने गुरुवार शाम अपने घर के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। उसने छत में लगे पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। कमरे के अंदर कुछ गिरने की आवाज सुनकर परिजन वहां पहुंचे।

## किसान यूनियन ने 50 लाख का मुआवजा मांगा, लखनऊ में कंस्ट्रक्शन साइट पर हादसा

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक जला, मौत



तमसा संकेत, एजेंसी

दुबग्गा। लखनऊ में शुक्रवार को 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। यह घटना मकान निर्माण कार्य के दौरान हुई। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। घटना दुबग्गा थाना क्षेत्र स्थित इज्जतनगर में हुई।

मृतक की पहचान सुहैल 24 के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुहैल निर्माणाधीन मकान के छज्जे पर काम कर रहा था। इसी दौरान वह ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया, जिससे उसे करंट लगा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

लखनऊ में शुक्रवार को 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई।



सुहैल, मृतक

> **घटना के बाद किसान यूनियन के सदस्य निर्माणाधीन मकान के बाहर धरने पर बैठ गए और भवन मालिक से मुआवजे की मांग की है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है।**

लखनऊ में शुक्रवार को 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। साथ ही परिवार ने प्रशासन से 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की मांग भी उठाई है। घटना को लेकर भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद सलमान परिजनों को सांत्वना देते हुए धरने पर बैठ गए हैं।

### घरों के करीब से गुजर रही हाईटेंशन लाइन

घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि रिहायशी क्षेत्र में घरों के बेहद करीब से गुजर रही यह हाईटेंशन लाइन पहले से ही खतरनाक थी। उन्होंने बताया कि इसकी कई बार शिकायतें की गई थी, लेकिन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।

लोगों का यह भी कहना है कि हादसे के काफी देर बाद तक कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची छानबीन में जुट गई। हादसे के बाद मृतक के परिजनों ने भवन स्वामी अब्बास जैदी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए उन्हें जेल भेजने की बात कही है।

## स्टेशनों पर नियमों के तहत चले बैटरी कार, लगेज रेट बंद हो

# हक के खातिर देशभर के कुलियों नें शुरू किया आंदोलन

**लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर जोरदार प्रदर्शन**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। रेल मंत्रालय के आदेशों और विधि के विरुद्ध रेलवे स्टेशनों पर संचालित बैटरी कार पर लगेज रेट लिखने का कड़ा विरोध आज पूरे देश में राष्ट्रीय कुली मोर्चा के नेतृत्व में कुलियों ने किया। रेल मंत्री, सचिव रेल मंत्रालय, अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से पत्रक भेजा गया। लखनऊ में भी चारबाग स्टेशन पर सैकड़ो की संख्या में जुटे कुलियों ने विरोध प्रदर्शन किया।

राष्ट्रीय कुली मोर्चा के नेशनल कोऑर्डिनेटर राम सुरेश यादव ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि रेल मंत्रालय ने कुली मोर्चा के राष्ट्रीय नेतृत्व को लिखित रूप से सूचित




किया है कि स्टेशनों पर संचालित बैटरी कार और कुलियों के कार्य दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने कहा कि कुलियों की भर्ती बाकायदा रेल मंत्रालय द्वारा विज्ञापन निकाल कर की जाती है और उनसे शारीरिक परीक्षा से लेकर तमाम प्रक्रियाएं पूरी कराई जाती हैं। आज कुलियों की आजीविका पर आघात किया जा रहा है। चंद कॉर्पोरेट घरानों और सरकार के संरक्षण में पल रहे ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए कुलियों के पूरे काम को निजी हाथों में सौंपा जा रहा है। बैटरी कार भी इसी का एक रूप है। इसके पहले माई कुली एप और संविदा के जरिए ट्राली प्रथा आदि कार्य रेलवे द्वारा अंजाम दिए गए हैं। यदि सरकार कुलियों के काम को खत्म करने पर आमादा है तो उसे देश का नागरिक होने के नाते कुलियों की सामाजिक और जीवन सुरक्षा का इंतजाम करना चाहिए। सरकार से अनुरोध किया कि कुलियों को रेलवे की नौकरी में समायोजित किया जाए और उनके परिवार के संरक्षण का कार्य सरकार करें। उन्होंने कहा कि नोएडा श्रमिक आंदोलन के बाद पूरे देश में मजदूरों के बारे में चिंता व्यक्त की जा रही है और केंद्र और व राज्य सरकारें तमाम निर्देश दे रही है।


> रेल मंत्रालय का आदेश है कि बैटरी कार असहाय, वृद्ध, बीमार और विकलांग व्यक्तियों को स्टेशन पर लाने ले जाने का काम करेंगे और कुली सामान ढ़ोने के काम को पूरा करेंगे। बावजूद इसके आज इन आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए बैटरी कार के ऊपर लगेज रेट लिखा जा रहा है और उनसे समान ढ़ोने का कार्य कराया जा रहा है। इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के लिए पूरे देश के कुली आक्रोशित हैं।

## लखनऊ के युवक की कुवैत में मौत

लखनऊ। लखनऊ के मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के भदेसुआ गांव के एसी मैकेनिक इल्तियाक अली (28) की कुवैत में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। युवक की पत्नी और परिवारवाले शव को देश वापस लाने का इंतजार कर रहे हैं। ग्राम प्रधान गीता यादव ने बताया-इल्तियाक के साथ गए लड़कों से मिली जानकारी के अनुसार उनका शव बाथरूम में मिला। मृतक इल्तियाक के पिता मुस्ताक शव लाने की गुहार लगाने के लिए गृह मंत्रालय दिल्ली जाएंगे। इल्तियाक अली कुवैत में एक प्राइवेट कंपनी में एसी मैकेनिक के तौर पर कार्यरत थे। उनकी 24 नवंबर 2025 में ही शादी हुई थी। 47 दिन बाद वह 10 जनवरी 2026 को कुवैत कमाने चले गए थे।

इल्तियाक अली ने 13 अप्रैल को अपनी पत्नी अफरीन बानो को फोन किया था, लेकिन बात नहीं हो पाई। जब अफरीन ने पति को कॉलबैक फोन किया तो उनका फोन बंद था। कुछ ही देर बाद उन्हें पति की मौत की खबर पति के साथ गए लोगों से मिली।

## हज-2026 की बैठक राज्य हज समिति की अध्यक्षता में सम्पन्न



तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । श्री एस.पी. तिवारी सचिव/कार्यपालक अधिकारी ने बताया है कि उ0प्र0 राज्य हज समिति की एक बैठक आज मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस सरोजनीनगर, लखनऊ पर श्री दानिश आज़ाद अंसारी, राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उ0प्र0 व अध्यक्ष उ0प्र0 राज्य हज समिति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में हज-2026 के हज यात्रियों हेतु प्रबन्धकीय व्यवस्थाओं की समीक्षा व हज यात्रियों के हितार्थ/सुविधार्थ आवष्यक निर्देश दिये गये।

उन्होंने बताया कि लखनऊ उड़ान स्थल से दिनांक 22 अप्रैल, 2026 को फलाईनास एयरलाइंस की प्रथम उड़ान प्रस्थान करेगी। इसी क्रम में हज हाउस से रवाना होने से पूर्व एक कार्यक्रम प्रातः 07ः00 बजे निर्धारित किया गया है, जिसमें मंत्री/ अध्यक्ष उ0प्र0 राज्य हज समिति, सदस्यगण, मुस्लिम धर्मगुरु व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के बाद प्रथम बस को मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उ0प्र0 व अध्यक्ष उ0प्र0 राज्य हज समिति एवं सदस्यगण व धर्मगुरुओं द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा।

## पूछताछ : लखनऊ में गिरफ्तार, बोला- शेयर मार्केट डाउन होने पर 6 लाख का कर्ज हो गया था

# एटीएम तोड़ने वाला युवक कंपनी का टीम लीडर निकला

तमसा संकेत, एजेंसी

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ में एटीएम तोड़कर कैश चोरी करने का प्रयास करने वाला गिरफ्तार हो गया है। पुलिस पूछताछ में उसने बताया है कि जोमैटो के वेयर हाउस में वह टीम लीडर है। शेयर मार्केट और क्रिप्टो करेंसी में रुपए इन्वेस्ट करता है। शेयर मार्केट लगातार डाउन हो रहा था जिससे उस पर 6 लाख रुपए से ज्यादा का कर्ज हो गया था। कोई रास्ता न सूझने पर एटीएम तोड़कर पैसे चुराने की कोशिश की थी।

गिरफ्तार युवक ने अपनी पहचान उन्नाव जिले के अजगैन थाना अंतर्गत शेरशाह गांव निवासी गुलशन कुमार (21) पुत्र दिवंगत मैकू लाल गौतम के रूप में बताई है। उसने 11 अप्रैल की सुबह बंथरा के पहाड़पुर स्थित हिताची एटीएम में एक अज्ञात व्यक्ति ने तोड़फोड़ कर कैश चोरी करने की कोशिश की थी। गिरफ्तार आरोपी गुलशन ने बताया कि उसने 2024 में लव मैरिज की थी, जिससे नाराज होकर घरवालों ने उसे घर से अलग कर दिया था। इस समय वह बंथरा के ग्राम उम्मेदखेड़ा में किराये पर रहता है। बंथरा स्थित जोमैटो वेयरहाउस में टीम लीडर के रूप में काम करता है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी शेयर मार्केट और क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के कारण करीब छह लाख रुपए से ज्यादा के कर्ज में डूब गया था। कर्ज चुकाने के दबाव में उसने एटीएम तोड़कर पैसे चोरी करने की योजना बनाई थी। वह तमाम कोशिशों के बावजूद एटीएम नहीं लूट सका।



एटीएम को सब्बल से तोड़ा गया था। कई पार्ट टूट गए लेकिन नोटों वाला केबिन सुरक्षित रहा।



> **बंथरा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर में हिताची का एटीएम लगा है। उसे 11 अप्रैल से तोड़कर लूटने की कोशिश की गई। एक चोर हेलमेट लगाकर बूथ के अंदर एटीएम मशीन के पास गया। उसने सब्बल से मशीन को 7 मिनट तक तोड़ने का प्रयास किया। हालांकि, इस दौरान वह मशीन का कुछ हिस्सा ही तोड़ पाया लेकिन कैश फिर भी नहीं निकाल पाया। इसके बाद वह वहां से चला गया।**

### सब्बल, कटर, बाइक बरामद

पुलिस ने आरोपी कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया सब्बल, कटर और एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है। बंथरा प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह ने बताया- 11 अप्रैल 2026 की सुबह बंथरा के पहाड़पुर स्थित हिताची एटीएम में एक अज्ञात व्यक्ति ने तोड़फोड़ कर कैश चोरी करने की कोशिश की थी।

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल में आईपीएल मैचों की लाइव होगी स्क्रीनिंग

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक अच्छी खबर है। राष्ट्र प्रेरणा स्थल में अब इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के रोमांचक मुकाबलों की लाइव स्क्रीनिंग होगी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं।

एलडीए की इस पहल का उद्देश्य शहर वासियों को एक साथ बैठकर मैच का आनंद लेने का अवसर प्रदान करना है, जिससे सामूहिक उत्साह और खेल के प्रति जुनून को बढ़ावा मिलेगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि दर्शक खुले वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाले प्रोजेक्टर और साउंड सिस्टम के माध्यम से मैच का लुत्फ उठा सकेंगे। एलडीए प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि



कार्यक्रम के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों। सुरक्षा, स्वच्छता और दर्शकों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किया जाएगा। जिसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि यह पहल न केवल खेल प्रेमियों के लिए एक यादगार अनुभव साबित होगी, बल्कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल को सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।



उपाध्यक्ष ने बताया कि आईपीएल मैच की स्क्रीनिंग के दौरान राष्ट्र प्रेरणा स्थल के बंद होने के समय को बढ़ाया जाएगा। जिससे कि दर्शक पूरे मैच का आनंद निर्बाध रूप से ले सकें। इस सुविधा को शुरू करने के लिए गुरुवार रात आईपीएल मैच की स्क्रीनिंग का ट्रायल रन किया गया, जो की पूरी तरह सफल रहा। उपाध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल में आईपीएल मैच का प्रसारण देखने के लिए दर्शकों को किसी भी तरह का कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा।

### अम्बेडकर नगर के भीटी विकासखंड में त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत परियोजना स्वीकृत

# पिंगिरियावां बाईपास को मंजूरी 42.72 लाख रुपये होंगे खर्च

**स्वीकृति**

- एक दर्जन ग्राम पंचायतों को मिलेगा लाभ
- कृषि परिवहन में भी होगी आसानी



बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकर नगर। भीटी विकासखंड क्षेत्र के पिंगिरियावां बाईपास निर्माण को शासन से स्वीकृति मिल गई है। यह परियोजना त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत मंजूर की गई है, जिस पर कुल 42.72 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। बाईपास बनने के बाद क्षेत्र के कई गांवों में आवागमन व्यवस्था में बदलाव देखने को मिलेगा। बाईपास के निर्माण से भारी वाहनों को गांव के भीतर प्रवेश करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे मुख्य बस्ती में यातायात का दबाव कम होगा। प्रस्तावित बाईपास से पिंगिरियावां के साथ बेला, महमूदपुर, रामपुर गिरंट, सुल्तानपुर और बाघाभारी सहित लगभग एक दर्जन ग्राम पंचायतों के लोग सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। अनुमान के अनुसार करीब 15 हजार की आबादी इस मार्ग से जुड़कर बेहतर आवागमन सुविधा प्राप्त करेगी।

> यह मार्ग गन्ना किसानों के लिए भी उपयोगी माना जा रहा है। वर्तमान में फसल ढुलाई के दौरान संकरी सड़कों के कारण किसानों को कई बार कठिनाई का सामना करना पड़ता है। बाईपास बनने के बाद कृषि उपज और भारी वाहनों का परिवहन अधिक सरल हो सकेगा।

ग्रामीणों को अब गांव के भीतर की संकरी सड़कों से होकर नहीं गुजरना पड़ेगा, जिससे समय की बचत और यातायात में सुगमता आने की संभावना है। यह परियोजना एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय के प्रस्ताव पर स्वीकृत हुई है। स्थानीय स्तर पर लंबे समय से इस बाईपास की आवश्यकता जताई जा रही थी। प्रस्ताव में गांव के भीतर यातायात दबाव और जाम की समस्या को प्रमुख आधार बनाया गया था।

**घनी आबादी और जाम की समस्या से राहत का लक्ष्य**

पिंगिरियावां गांव में पहले से प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क बनी हुई है, लेकिन घनी आबादी और संकरी गलियों के कारण बड़े वाहनों की आवाजाही में लगातार दिक्कत बनी रहती है। ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य भारी वाहनों के कारण कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसी समस्या को देखते हुए गांव के बाहर बाईपास बनाने का निर्णय लिया गया है।

# आवास योजना में फाइल अटकी लाभार्थी एक साल से भटक रहा

## वार्ड-12 के निवासी ने लगाया देरी और लापरवाही का आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । नगर पालिका अकबरपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक लाभार्थी की फाइल लंबे समय से लंबित होने का मामला सामने आया है। वार्ड-12 निवासी विक्रम चौहान पिछले एक वर्ष से आवास स्वीकृति के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं।विक्रम चौहान के अनुसार, कभी डूडा कार्यालय में रिपोर्ट लंबित बताई जाती है, तो कभी तहसील से जांच पूरी न होने की बात कही जाती है। नगर पालिका में संपर्क करने पर भी स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रक्रिया लगातार टल रही है और हर कार्यालय में अलग-अलग कारण बताए जा रहे हैं। इससे योजना का लाभ मिलने में देरी हो रही है।स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि बिना प्रक्रिया पूरी किए फाइल आगे नहीं बढ़ रही। हालांकि इस संबंध में किसी अधिकारी की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

जानकारी के मुताबिक, ऐसे मामले केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं हैं। अन्य लाभार्थियों ने भी आवास योजना में देरी की शिकायत की है।विक्रम चौहान ने उच्च अधिकारियों से मामले की जांच कर जल्द समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि पात्र होने के बावजूद उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।जिला प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि लंबित मामलों की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर योजना का लाभ मिल सके।

**फास्ट न्यूज**

### एनटीपीसी टांडा में यश सोनकर बने नए जनसंपर्क अधिकारी

अंबेडकरनगर । एनटीपीसी टांडा परियोजना में जनसंपर्क अधिकारी (PRO) के पद पर यश सोनकर ने गुरुवार को कार्यभार संभाल लिया। उनके आने से परियोजना की जनसंपर्क और संचार गतिविधियों को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। यश सोनकर इससे पहले TOI.com, नई दिल्ली में कंसल्टेंट (एडिटोरियल) के रूप में कार्य कर चुके हैं।

### यातायात नियमों पर सख्ती, 163 वाहनों का चालान

अंबेडकरनगर । पुलिस अधीक्षक के आदेश पर यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।अभियान की शुरुआत 1 अप्रैल 2025 से की गई थी। इसी क्रम में गुरुवार को 163 वाहनों का चालान किया गया। अब तक कुल 1878 वाहनों का चालान किया जा चुका है।चेकिंग के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की गई। नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों पर जुर्माना भी लगाया गया है।

### पुस्तैनी रास्ता बंद करने का आरोप

अंबेडकरनगर । टांडा तहसील क्षेत्र के ग्राम मखदूम सराय में आबादी की जमीन पर बने पुस्तैनी रास्ते को बंद करने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से रास्ता खुलवाने और सुरक्षा देने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार, गाटा संख्या 127 से लंबे समय से आवागमन होता रहा है। इसी रास्ते से नाली का उपयोग भी किया जाता था। आरोप है कि सटे गाटा संख्या 126 के सहारे कुछ लोगों ने कब्जे की नीयत से रास्ते को बांस-बल्ली और अन्य सामग्री रखकर बंद कर दिया।

## नकली एसीसी सीमेंट का बड़ा खुलासा, 300 से अधिक बोरे बरामद



तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को जाफरगंज चौराहे के पास नकली ACC सीमेंट के बड़े भंडारण का मामला सामने आया। सूचना पर पहुंचे ACC सीमेंट कंपनी के अधिकारियों ने जांच के दौरान भारी मात्रा में संदिग्ध माल पकड़ा।

- अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के जाफरगंज चौराहे पर कार्रवाई

जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय बिल्डिंग मटेरियल से ACC सीमेंट की एक खेप मालीपुर की ओर भेजी जा रही थी। इसी दौरान कंपनी के अधिकारियों को नकली सीमेंट बेचे जाने और बिना बिल के माल की सप्लाई की सूचना मिली। इसके बाद टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जांच के दौरान लगभग 300 से अधिक सीमेंट के बोरे संदिग्ध पाए गए। अधिकारियों के अनुसार इन पर ACC ब्रांडिंग थी, लेकिन कागजात और बिल उपलब्ध नहीं थे। प्रारंभिक जांच में इन्हें फर्जी बताया गया है।

ACC सीमेंट विभाग के अधिकारियों ने मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस को बताया गया कि माल बिना वैध बिल के बेचा जा रहा था और ब्रांड का गलत उपयोग किया गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई शुरू की गई।

मामले को लेकर पुलिस और संबंधित विभाग द्वारा जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि नकली सीमेंट का यह माल कहां से लाया गया और इसमें कौन लोग शामिल हैं। फिलहाल बरामद बोरे जब्त कर लिए गए हैं और आगे की विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है।

# एसपी ने जनसुनवाई में सुनी लोगों की शिकायतें

## समयबद्ध निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**मदद**

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। जनसुनवाई में भूमि विवाद, मारपीट, पारिवारिक मामलों और अन्य शिकायतें सामने आईं। पुलिस अधीक्षक ने सभी फरियादियों की बात ध्यान से सुनी।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। साथ ही मामलों में लापरवाही न बरतने की बात कही। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर होना चाहिए। शिकायतों के निस्तारण में देरी होने पर जवाबदेही तय की जाएगी। कार्यालय में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे शिकायतों की नियमित समीक्षा करें और प्रगति की जानकारी उपलब्ध कराएं। जनसुनवाई के दौरान पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे। उन्होंने शिकायत दर्ज कराने आए लोगों की मदद की।

## अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बचाव**



तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के तहत शुक्रवार को जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और दयाराम वर्मा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर के स्टाफ को आग से बचाव के तरीके सिखाए गए। कार्यक्रम में लीडिंग फायरमैन राम शरण शुक्ला, फायरमैन राहुल मौर्य और आशीष कुमार ने आग के विभिन्न प्रकार और उनके कारणों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अलग-अलग परिस्थितियों में आग बुझाने के तरीके भी अलग होते हैं। अधिकारियों ने कहा कि आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय संयम और सही निर्णय लेना जरूरी है। शुरुआती समय में सही कदम उठाकर बड़े नुकसान से बचा जा सकता है। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी सचिन शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस प्रशिक्षण में फायर एक्सटिंग्विशर के उपयोग की व्यावहारिक जानकारी दी गई। साथ ही संस्थान में लगे अग्निशमन उपकरणों की कार्यप्रणाली भी समझाई गई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्राथमिक फायर उपकरण चलाने का अभ्यास भी कराया गया। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की क्षमता बढ़ती है और दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

- छात्रों और अस्पताल स्टाफ को दी गई फायर सेफ्टी की जानकारी

### आरसेटी के सहयोग से इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

# जिला कारागार में बंदियों के कौशल विकास की पहल शुरू

**प्रशिक्षण**

- जेल अधीक्षक ने इस कार्यक्रम के लिए जिलाधिकारी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि बंदियों के कौशल विकास के लिए भविष्य में भी इसी तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिला कारागार में बंदियों के पुनर्वास और कौशल विकास की दिशा में नई पहल की गई है। जिलाधिकारी की प्रेरणा और मार्गदर्शन में आरसेटी (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) अंबेडकरनगर के सहयोग से इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस प्रशिक्षण के तहत बंदियों को बिजली मरम्मत और इलेक्ट्रीशियन कार्य से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। इससे वे जेल के भीतर ही बिजली संबंधी छोटी समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे। साथ ही रिहाई के बाद वे स्वरोजगार अपनाकर अपनी आजीविका चला सकेंगे।

अधिकारियों के अनुसार यह पहल केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि बंदियों के सामाजिक पुनर्वास की दिशा में एक प्रयास है। प्रशिक्षण का उद्देश्य उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है। जेल प्रशासन का मानना है कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर बंदी सम्मानजनक जीवन जी सकते हैं और समाज में सकारात्मक भूमिका निभा सकते हैं।

**प्रांगण में हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ**

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कारागार प्रांगण में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन, जेल प्रशासन और आरसेटी के प्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया और इसे बंदियों के भविष्य से जोड़कर एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

# मानदेय भुगतान पर सख्ती लंबित मामलों में कार्रवाई के निर्देश

## कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक, विभागवार स्थिति पर चर्चा

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को संविदा और आउटसोर्सिंग कार्मिकों के मानदेय भुगतान की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने की।बैठक में सभी विभागाध्यक्षों ने अपने विभागों में कार्यरत कार्मिकों के भुगतान की स्थिति प्रस्तुत की। जानकारी दी गई कि अधिकांश विभागों में मार्च 2026 तक का मानदेय भुगतान किया जा चुका है।

समीक्षा के दौरान उन विभागों पर नाराजगी जताई गई, जहां भुगतान लंबित है। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बकाया भुगतान तुरंत किया जाए। साथ ही भविष्य में देरी न हो, यह सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी संविदा और आउटसोर्सिंग कार्मिकों को समय से वेतन मिलना चाहिए। उपस्थिति भी नियमित रूप से भेजी जाए।बैठक में ईपीएफ और अन्य सुविधाओं पर भी जोर दिया गया। निर्देश दिए गए कि सभी वेंडर समय पर अंशदान जमा करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही न हो।

मुख्य विकास अधिकारी ने चेतावनी दी कि भुगतान में देरी करने वाले विभागों के खिलाफ कार्रवाई होगी। जरूरत पड़ने पर संबंधित अधिकारियों का वेतन भी रोका जा सकता है।बैठक में कार्मिकों की समस्याएं भी सुनी गईं। संबंधित विभागों को एक सप्ताह में समाधान कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए।इस दौरान अपर जिला अधिकारी, उप जिलाधिकारी अकबरपुर समेत कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## स्कूल चलो अभियान के अंतिम दिन निकली प्रभात फेरी

### नामांकन बढ़ाने को बच्चों ने लगाए जागरुकता नारे

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूल चलो अभियान के तहत सत्र 2026-27 के अंतिम दिन प्राथमिक विद्यालय रामपुर बेनीपुर, शिक्षा क्षेत्र बसखारी के छात्रों ने जागरूकता प्रभात फेरी निकाली।प्रभात फेरी एआरपी प्रमोद विश्वकर्मा, रणविजय सिंह यादव और प्रधानाध्यापक दिनेश नारायण सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुई। यह रैली गांव की गलियों और पगडंडियों से होकर गुजरी।

छात्र-छात्राओं ने पढ़ाई से जुड़े संदेशों वाले नारे लगाए। उनके हाथों में जागरूकता से जुड़ी पट्टिकाएं भी थीं। "सब पढ़ें, सब बढ़ें", "हर बच्चे को भेजो स्कूल" जैसे नारों से माहौल जागरूकता से भर गया।

अभियान के तहत शिक्षकों द्वारा घर-घर संपर्क कर अभिभावकों को बच्चों का नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस कार्य में एआरपी और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही।

प्रभात फेरी के दौरान पंचायत भवन पहुंचने पर ग्राम प्रधान गंगेश कुमार पासवान ने स्वागत किया। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को विद्यालय भेजने की अपील की। साथ ही नए सत्र में कुछ बेहतर व्यवस्थाएं लागू करने की बात कही। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक और शिक्षामित्रों ने सहयोग किया। अंत में प्रधानाध्यापक ने सभी का आभार जताया।

### डीजल आपूर्ति में अनियमितता के आरोप, उपभोक्ताओं में नाराजगी

अंबेडकरनगर । पहितीपुर रोड स्थित आरडी फिलिंग स्टेशन पर डीजल आपूर्ति को लेकर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय उपभोक्ताओं ने समान व्यवहार न किए जाने की शिकायत की है।आरोप है कि पंप पर 'नो डीजल' का बोर्ड लगाकर आम ग्राहकों को ईंधन देने से मना किया जा रहा है। वहीं, कुछ चुनिंदा लोगों को बिना किसी रोक-टोक के डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है।ग्रामीणों और वाहन चालकों का कहना है कि जब वे डीजल भरवाने पहुंचते हैं, तो कर्मचारियों द्वारा स्टॉक खत्म होने की बात कहकर वापस कर दिया जाता है। इसके बाद कुछ खास लोगों के वाहनों में डीजल भरा जाता है।

स्थानीय लोगों ने इसे पक्षपात और नियमों का उल्लंघन बताया है। उनका कहना है कि यदि डीजल की कमी है, तो सभी ग्राहकों के लिए समान व्यवस्था होनी चाहिए।मामले को लेकर जिला पूर्ति विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं।

# गांधी स्मारक इंटर कॉलेज में नारी वंदन कार्यक्रम, मानव श्रृंखला बनाई गई

## छात्राओं, शिक्षिकाओं और अभिभावकों की रही बड़ी भागीदारी

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । राजेसुलतानपुर स्थित गांधी स्मारक इंटर कॉलेज में शुक्रवार को नारी वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राओं, महिला शिक्षिकाओं और अभिभावकों ने मानव श्रृंखला बनाकर कार्यक्रम का समर्थन किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं की भागीदारी रही। कॉलेज परिसर में पहले एक सभा आयोजित की गई, जिसके बाद मानव श्रृंखला बनाई गई।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता उदयराज मिश्र ने किया। उन्होंने संबोधन में मातृशक्ति की भूमिका और समाज में महिलाओं के महत्व पर चर्चा की।

कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसमें कार्यक्रम अधिकारियों राघवेंद्र कुमार और सुनील कुमार के निर्देशन में गतिविधियां संचालित हुईं।

इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। छात्राओं और अभिभावकों ने कार्यक्रम में उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण और समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

## अंबेडकर जयंती सप्ताह में सम्मान समारोह विभिन्न क्षेत्रों के लोग सम्मानित

तमसा संकेत, संवाददाता



- रामनगर के डवाकरा हॉल में संगोष्ठी, बाबा साहब के विचारों पर चर्चा

अंबेडकरनगर । रामनगर विकास खंड स्थित डवाकरा हॉल में शुक्रवार को अंबेडकर जयंती सप्ताह के तहत सम्मान समारोह और संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोगों की भागीदारी रही। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य प्रज्ञा त्रिपाठी और विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक अनीता कमल मौजूद रहीं। समारोह में आलापुर सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र के करीब एक दर्जन लोगों को सम्मानित किया गया। सम्मानित लोगों में सामाजिक, शैक्षिक और जनसेवा से जुड़े व्यक्तियों को शामिल किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में अंबेडकर के संघर्ष, संविधान निर्माण में उनकी भूमिका और सामाजिक समरसता के संदेश पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उनके विचार आज भी समाज को दिशा देते हैं। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री सुरेश कन्नौजिया, मंडल अध्यक्ष अरविंद उपाध्याय, विनय पांडेय, कन्हैया सिंह और नीरज सोनी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रेम शीला यादव भी शामिल रहीं। इसके अलावा पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, जयराम विमल, पूर्व जिलाध्यक्ष यमुना प्रसाद चतुर्वेदी और अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## विरोध के खोखले तर्क



लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने वाले नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक के लोकसभा में पेश होते ही विपक्षी दलों की ओर से असहमति के स्वर उभर आए, लेकिन ये स्वर विरोध के लिए विरोध वाली राजनीति को ही अधिक रेखांकित कर रहे हैं। 2023 में जब यह विधेयक पारित हुआ था, तब विपक्षी दलों की मांग थी कि आखिर महिला आरक्षण को तत्काल प्रभाव से क्यों नहीं लागू किया जाता, लेकिन अब जब मोदी सरकार इस अगले आम चुनाव में लागू करने की पहल कर रही है तो भी उन्हें आपत्ति है।

अब वे यह कह रहे हैं कि महिला आरक्षण से संबंधित परिसीमन को 2011 के बजाय नई जनगणना के आधार पर किया जाए। इसका मतलब है कि वे 2029 के बजाय 2034 में महिला आरक्षण लागू करने के पक्ष में हैं, क्योंकि जो जनगणना शुरू हुई है, उसके नतीजे आते-आते तो अगले आम चुनाव करीब आ जाएंगे। कुछ विपक्षी दल इस आधार पर महिला आरक्षण का विरोध कर रहे हैं कि इसमें आरक्षण के अंदर आरक्षण होना चाहिए। आखिर ऐसी किसी मांग पर 2023 में क्यों नहीं जोर दिया गया था? ध्यान रहे तब महिला आरक्षण विधेयक सर्वसम्मति से पारित हुआ था।

विपक्षी दल यह प्रचारित करने की भी कोशिश में हैं कि महिला आरक्षण के तहत सभी राज्यों में लोकसभा की 50 प्रतिशत सीटें बढ़ाने के फार्मूले से कुछ राज्यों और विशेष रूप से दक्षिण के राज्यों को राजनीतिक रूप से नुकसान होगा, लेकिन आखिर कैसे? यदि इस फार्मूले से बिहार में 20 सीटें बढ़ेंगी तो इतनी ही सीटें तमिलनाडु में भी बढ़ेंगी। इसी तरह गुजरात, आंध्र प्रदेश और राजस्थान में 13-13 सीटें बढ़ेंगी।

तथ्य यह भी है कि कम जनसंख्या वाले दक्षिण के राज्यों में एक सांसद कहीं कम आबादी का प्रतिनिधित्व करेगा और इस तरह वह अधिक प्रभावी ढंग से काम कर सकेगा। आखिर ऐसे में यह कहने का क्या मतलब महिला आरक्षण से दक्षिण घाटे में और उत्तर भारत लाभ में रहेगा? विपक्ष का एक खोखला तर्क यह भी है कि महिला आरक्षण के मौजूदा स्वरूप से भाजपा फायदे में रहेगी, पर इसका भी कोई ठोस आधार नहीं दिखता।

आखिर ऐसा तो है नहीं कि सभी बढ़ी हुई सीटों पर भाजपा की जीत आसान हो जाएगी या फिर उसे बहुमत के लिए अभी की तरह 272 सीटें ही चाहिए होंगी। यदि विपक्षी दल महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने को लेकर वास्तव में प्रतिबद्ध हैं और वे उन्हें नीतियों के निर्माण में हिस्सेदार बनाकर राजनीतिक और साथ ही सामाजिक परिदृश्य बदलना चाहते हैं तो वे महिला आरक्षण के पक्ष में उसी तरह खड़े हों, जैसे 2023 में खड़े हुए थे या फिर यह बताएं कि इस आरक्षण को और बेहतर तरीके से कैसे लागू किया जा सकता है? उनके कमजोर तर्कों से उन्हें कुछ भी हासिल नहीं होने वाला।

# आखिर लोकसभा-विधानसभा जैसे निर्वाची निकायों में एससी-एसटी की तरह कब से लागू होगा ओबीसी-डब्ल्यूएस आरक्षण?



> बता दें कि ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण संविधान के अनुच्छेद 330 और 332 के तहत लागू है। जबकि राज्यसभा और विधानपरिषद (जहां मौजूद हो) में भी राज्य-स्तरीय ओबीसी सूचियों के आधार पर आरक्षण है, जो 2021 के 105वें संशोधन से राज्यों को सूची बनाने का अधिकार मिलने के बाद मजबूत हुआ। यह 1992 के इंदिरा साहनी मामले से 50% सीमा के भीतर है।

भारत में लोकसभा, विधानसभा, राज्यसभा और विधानपरिषद के सदस्यों के लिए होने वाले चुनावों में अभी तक ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) और गरीब सवर्णों (पददलित सामान्य जातियों) को दलित-आदिवासियों (एससी-एसटी) की तरह आरक्षण प्राप्त नहीं है! लिहाजा आगामी परिसीमन (जून 2026) में इस मुद्दे को भी शामिल किया जाना चाहिए। बताया गया है कि महिलाओं को मिलने वाला 33 प्रतिशत आरक्षण भी उनके कोटे के भीतर ही दिये जाने की योजना है।

अपुष्ट खबर मिली है कि सरकारी रणनीतिकारों की योजना भी कुछ ऐसी ही है जिसमें राजनीतिक दबाव वश कुछ फेरबदल भी संभव है।पड़ने वाले बताया जाता है कि आगामी परिसीमन के बाद ओबीसी (OBC) और गरीब सवर्णों (EWS) के लिए यह लागू होगा। यहां पर एक अहम सवाल और है। वह यह कि दलितों के भीतर महादलितों और ओबीसी के भीतर ईबीसी/एमबीसी, और आदिवासियों के भीतर धर्मांतरित आदिवासियों सहित सबके लिए क्रीमीलेयर वाला प्रावधान भी अविलम्ब लागू किया जाए। बेहतर तो यह होगा कि इनकी जातीय रोटेशनल चार्ट घटती कुल आबादी के अनुरूप बनाकर आरक्षण की भावना को व्यवहारिक अमलीजामा पहनाएं।अन्यथा इनके भीतर भी कुछ ही लोगों को फायदा मिलेगा।यही वजह है कि आरक्षण का पवित्र मुद्दा अब राजनीतिक गोलबंदी में घिरकर हांफने लगा है। बता दें कि दलितों और आदिवासियों को लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा, विधानपरिषद जैसे निर्वाची निकायों में लगभग 24 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है। लेकिन ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत और गरीब सामान्य जातियों (पददलित सवर्णों) के लिए 10 प्रतिशत सीटें आरक्षित किये जाने हेतु लोगों की मांग विचाराधीन है और उम्मीद है कि आगामी परिसीमन आयोग (जून 2026) के गठन के बाद आरक्षण की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

वहीं, गरीब सवर्णों (EWS) के लिए 10% आरक्षण 2019 के 103वें संशोधन (अनुच्छेद 15(6) और 16(6)) से नौकरियों और शिक्षा में मिला, लेकिन विधायी निकायों में यह अभी लागू नहीं है। बताया जाता है कि परिसीमन आयोग (2026 तक) के बाद 2028-29 के लोकसभा/विधानसभा चुनावों से लागू होगा, क्योंकि संरक्षण अनुसूची में बदलाव जरूरी है। वहीं, राज्यसभा/विधानपरिषद में राज्य-विशेष नीति पर यह निर्भर करेगा।

ऐसे में स्वाभाविक सवाल है कि आखिर में यह कब और कैसे लागू होगा? तो जवाब होगा कि परिसीमन 2026 तक पूरा होने पर OBC/EWS कोटे वाले सीटें तय होंगी, जो आम चुनाव 2029 और उसके बाद होने वाले अन्य विस चुनावों से प्रभावी होंगी। वहीं, राज्यसभा/विधान परिषद में राज्य विधायकों द्वारा नामांकन/चुनाव पर लागू होगा। चूंकि बिहार जैसे राज्यों में 50% से अधिक की मांगें लंबित हैं, जो कि सुप्रीम कोर्ट की 50% सीमा की दृष्टि से चुनौतीपूर्ण होंगी। उल्लेखनीय है कि परिसीमन आयोग ओबीसी (OBC) और ईडब्ल्यूएस (EWS) आरक्षण को सीधे तौर पर नहीं बदलता, बल्कि यह लोकसभा और विधान-सभाओं में सीटों का पुनर्वितरण करता है, जिसमें OBC के लिए 27% और EWS कोटा पहले से लागू है।

जहां तक परिसीमन की समयरेखा की बात है तो परिसीमन आयोग जून 2026 तक गठित हो सकता है और 2011 जनगणना के आधार पर सीटें बढ़ाएगा। जैसे- SC/ST कोटे में वृद्धि जैसे 84 से 136 SC सीटें मिलेंगी। वहीं, OBC आरक्षण का निर्धारण राज्यवार 'ट्रिपल टेस्ट' (पिछड़ापन, पर्याप्त प्रतिनिधित्व की कमी, डेटा) से होता है, जो परिसीमन के बाद स्थानीय/राज्य आयोग तय करेंगे।

इससे OBC आरक्षण पर प्रभाव पड़ेगा। 2029 के आम चुनावों से नए परिसीमन प्रभावी होंगे, लेकिन OBC कोटा वर्तमान 27% ही रहेगा जब तक संवैधानिक संशोधन या अदालती फैसला न हो। चूंकि पंचायत/स्थानीय निकायों में OBC आरक्षण परिसीमन से पहले डेडिकेटेड आयोग तय करेगा, जो सुप्रीम कोर्ट के 50% वाले कैप के अधीन रहेगा। वहीं, राज्यसभा/विधानपरिषद में OBC सूची पर निर्भर करेगा, और परिसीमन का सीधा असर नहीं होगा।

उल्लेखनीय है कि परिसीमन आयोग OBC कोटे को सीधे प्रतिशत (27%) के रूप में नहीं बदलता, लेकिन लोकसभा और विधानसभाओं में कुल सीटों की संख्या बढ़ाने से OBC आरक्षित सीटों की कुल संख्या बढ़ सकती है। यही बात EWS कोटे पर भी लागू होती है, जिसके लिए 10 प्रतिशत आरक्षण अनुमन्य है। जहां तक परिसीमन का OBC व EWS पर पड़ने वाले प्रभाव की बात है तो

परिसीमन मुख्यतः SC/ST के लिए आरक्षित सीटें जनसंख्या अनुपात (2011 जनगणना) से तय करता है, जबकि OBC कोटा राज्यवार 'ट्रिपल टेस्ट' (पिछड़ापन, अपर्याप्त प्रतिनिधित्व, डेटा) से राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग निर्धारित करते हैं।

ऐसे में यदि लोकसभा सीटें 543 से बढ़कर 850 हों, तो OBC की 27% सीटें अनुपातिक रूप से बढ़ेंगी (लगभग 146 से 230), लेकिन 50% कुल आरक्षण सीमा (SC/ST/OBC) का पालन जरूरी है। इसलिए EWS को अतिरिक्त 10 प्रतिशत आरक्षण अनुमन्य प्रावधानों के मुताबिक ही दिए जा सकते हैं।

जहां तक समयरेखा और चुनौतियां की बात है तो 2026 तक परिसीमन पूरा होने पर 2029 चुनावों से लागू होगा। वहीं OBC सब-कोटा (जैसे महिलाओं में) की मांग लंबित है। सुप्रीम कोर्ट की 50% कैप और डेटा की कमी से राज्य-स्तरीय विवाद संभव है। जबकि राज्यसभा/विधा-नपरिषद अप्रत्यक्ष चुनाव पर निर्भर है, इसलिए इसपर सीधा असर कमहोगा। स्मरण रहे कि पंचायत चुनावों में OBC आरक्षण सुप्रीम कोर्ट के ट्रिपल टेस्ट के माध्यम से लागू होता है, जो स्थानीय निकायों के लिए अनिवार्य है। इस ट्रिपल टेस्ट के तीन चरण हैं- पहला, राज्य सरकार समर्पित आयोग गठित करती है जो पंचायतवार OBC की आबादी, शैक्षिक-आर्थिक पिछड़ापन और राजनीतिक प्रतिनिधित्व का डेटा एकत्र करता है।

**कमलेश पांडेय**

## परशुराम जी का चरित्र...

विद्यावाचस्पति उदयराज मिश्र

# भगवान परशुराम : ब्राह्मणों का क्षात्र धर्म

> **भगवान परशुराम जोकि चिरंजीवी हैं का द्वापरयुग में गुरु और सेनापति दोनों ही रूपों में वर्णन मिलता है। द्रोण और कृपाचार्य जैसी परंपरा भी इन्हीं की परम्परा का अनुगमन करती हुई स्पष्ट रूप से विकसित होती है।**

भारतीय संस्कृति में ब्राह्मण का मूल धर्म,तप,साधना, अध्ययन–अध्यापन और यजन–याजन माना गया है, किन्तु शास्त्र यह भी स्पष्ट करते हैं कि जब जब धर्म, समाज और राष्ट्र पर संकट आए तथा अस्मिता और अस्तित्व खतरे में हो और कि जिन शक्तियों पर सबकी रक्षा का दायित्व हो वे निकम्मी और भ्रष्ट हो जाएं तब ब्राह्मण का दायित्व केवल शास्त्र तक सीमित नहीं रहता।ऐसी परिस्थिति में वह शस्त्रधारण कर धर्मरक्षा का व्रत भी ग्रहण करता है।इस परंपरा का आद्य एवं सर्वोच्च प्रतिमान हैं भगवान परशुराम।

सतयुग में भगवान परशुराम का व्यक्तित्व भारतीय शास्त्रों में एक अद्वितीय समन्वय प्रस्तुत करता है।उनका व्यक्तित्व ब्रह्मतेज और क्षात्रतेज का संगम कहा जाए तो अनुचित नहीं होगा।महाभारत में कहा गया है—

"ब्राह्मणो हि पृथग्भावं क्षात्रं चापि समाश्रितः।"

अर्थात ब्राह्मण परिस्थितियों के अनुसार क्षात्रधर्म भी धारण कर सकता है।जन्मदग्न पुत्र भगवान परशुराम ने सहस्रबाहु अर्जुन जैसे अत्याचारियों के विरुद्ध युद्ध कर यह सिद्ध किया कि जब राजसत्ता अधर्म में लिप्त हो जाए, तब ब्राह्मण का शस्त्र उठाना ही धर्म है।उनका 21 बार पृथ्वी को हैहय वंश के अत्याचारी राजा कार्तवीर्य सहस्राजुर्न से मुक्त करना एक ऐतिहासिक-दार्शनिक संकेत है।यह राजनीतिक शुद्धि का प्रतीक है।

द्रोणाचार्य केवल शिक्षक नहीं, बल्कि कुरु सेना के प्रधान सेनापति भी बने।महाभा-रत, भीष्मपर्व में वर्णित है कि उन्होंने युद्ध के चौथे दिन से कौरव सेना का नेतृत्व संभाला।उनका जीवन यह सिद्ध करता है कि गुरु भी आवश्यकता पड़ने पर रणभूमि का नेतृत्व कर सकता है।इसी तरह कृपाचार्य कृपाचार्य को अजर-अमर चिरंजीवी माना गया



है। वे हस्तिनापुर के कुलगुरु और महाभारत युद्ध के प्रमुख योद्धाओं में थे।उनकी भूमिका यह दर्शाती है कि ब्राह्मण केवल नीति का उपदेशक नहीं, बल्कि व्यवस्था का संरक्षक भी है। ब्राह्मण कभी भी शास्त्र को प्रमाण मानने के साथ ही साथ समय पढ़ने पर शास्त्र उठाने से हिचका नहीं है।उत्तरकाल में विष्णगुप्त चाणक्य को बुद्धि का सेनापति कहा जा सकता है।

द्वापर के पश्चात यह परंपरा वैचारिक रूप लेती है।चाणक्य ने प्रत्यक्ष शस्त्र नहीं उठाया, किन्तु वे राजनीतिक युद्ध के सेनापति थे।अर्थ-शास्त्र में वे स्पष्ट कहते हैं—

"दण्डनीतिः स्वराज्यस्य मूलम्।"

उन्होंने नंद वंश का अंत कर चन्द्रगुप्त मौर्य को स्थापित किया। यहाँ ब्राह्मण का स्वरूप रणनीतिक सेनापति के रूप में प्रकट होता है।

इतना ही नहीं मध्यकाल में स्वाभिमान रक्षा के सहायक सेनानी पंडित भामाशाह का योगदान यह दर्शाता है सेनापतित्व केवल रणभूमि में नहीं, संसाधनों के संचालन में भी होता है।महाराणा प्रताप को दिया गया उनका दान युद्ध की रीढ़ बना—यह आर्थिक सेनापतित्व का उदाहरण है।

आधुनिक काल में भी ब्राह्मण वीरों की शौर्य गाथाएं इतिहास में दर्ज हमस्वाधीनता संग्राम के ब्राह्मण योद्धा

परशुराम की परंपरा आधुनिक भारत में भी जीवित रही।नाना साहेब पेशवा—विद्रोह के नेतृत्वकर्ता,तात्या टोपे—रणनीतिक युद्धकौशल के सेनापति,रामप्रसाद बिस्मिल—क्रांतिकारी नेतृत्व,चंद्रशेखर आज़ाद—सशस्त्र संघर्ष के प्रतीक थे।इन सभी में परशुराम की चेतना स्पष्ट दिखती है—

परशुराम जी का चरित्र अन्याय के विरुद्ध संगठित प्रतिकार की शिक्षा देता है।शास्त्र कहते हैं कि -

"शमो दमस्तपः शौचं क्षान्तिरार्जवमेव च।
ज्ञानं विज्ञानमास्तिक्यं ब्रह्मकर्म स्वभावजम्।।
(गीता 18.42)

किन्तु जब यह सब धर्मरक्षा में असमर्थ हो जाए, तब—

"धर्मेणैव हन्यते धर्मो, धर्मो रक्षति रक्षितः।"

अर्थात धर्म की रक्षा के लिए किया गया संघर्ष भी धर्म ही है।

भगवान परशुराम की परंपरा यह स्पष्ट करती है कि ब्राह्मण का प्रथम धर्म ज्ञान है,द्वि-तीय धर्म मार्गदर्शन है,और अंतिम धर्म संरक्षण (आवश्यक होने पर शस्त्र द्वारा) है। यह त्रिस्तरीय भूमिका ही ब्राह्मण को समाज का वास्तविक सेनापति बनाती है।

सतयुग से लेकर आज तक ब्राह्मण सेनापतियों और योद्धाओं की यह परंपरा यह सिद्ध करती है कि—ब्राह्मण केवल यज्ञवेदी का पुरोहित नहीं, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर रणभूमि का सेनापति भी है।

भगवान परशुराम इस परंपरा के आद्य पुरुष हैं,द्रोणाचार्य और कृपाचार्य उसके विस्तार,
आचार्य चाणक्य उसके बौद्धिक शिखर,
और आधुनिक क्रांतिकारी उसके जीवंत रूप हैं। अतः यह निष्कर्ष निर्विवाद है कि जब-जब अधर्म बढ़ेगा, तब-तब ब्राह्मण परशुराम की परंपरा का अनुसरण करते हुए समाज और राष्ट्र की रक्षा के लिए अग्रसर होगा।

## बाल विवाह...

बाबूलाल नागा

# आखा तीज और बाल विवाह की चुनौती

19 अप्रैल को अक्षय तृतीया यानी आखा तीज है। इस दिन को विवाह के लिए शुभ मुहूर्त मानकर बड़े पैमाने पर विवाह संपन्न होते हैं। इस क्रम में अनेक बाल विवाह भी होते हैं। आखातीज को नजदीक आते देख सरकार व प्रशासन ने भी कमर कस ली है। मुस्तैदी से बाल विवाह रोकने की तैयारी कर ली गई है। अब तक सोया हुआ प्रशासन जाग उठा है। बाल विवाह को रोकने के लिए समाचार-पत्रों में बड़े-बड़े विज्ञापन दिए जा रहे हैं। '' बाल विवाह अपराध है'' जैसे स्लोगन टीवी, अखबारों में सुनने को मिल रहे हैं। आखा तीज को नजदीक देखते हुए जोर-शोर से अभियान चलाए गए हैं। लेकिन कुछ समय बाद स्थितियां वैसी की वैसी हो जाएगी। बाल विवाह के लिए बदनाम राजस्थान फिर किसी सर्वेक्षण या अध्ययन रिपोर्ट में बाल विवाहों के मामले में पहले या दूसरे स्थान पर आ जाएगा। देश में बढ़ रही साक्षरता, तमाम जागरूकता और आधुनिकता के बावजूद आज भी बाल विवाह तेजी से हो रहे हैं। विशेषकर आखातीज पर राजस्थान में बड़े पैमाने पर बाल विवाह होते हैं। पुलिस व प्रशासन के तमाम इंतजाम व सरकार के प्रयास को धता बताते हुए बाल विवाह होते रहे हैं। मार्च 2015 में जारी जनगणना 2011 के आंकड़ों अनुसार देश में 1.21 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिनका बाल विवाह हुआ है। इसमें 51.57 लाख लड़कियां व 69.49 लाख लड़कों के बाल विवाह हुए। सर्वाधिक बाल विवाह वाले पहले 7 राज्यों में राजस्थान का तीसरा स्थान है। राजस्थान में 12 लाख 91 हजार 700 बाल विवाह हुए हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2005-06) के आंकड़ों अनुसार भारत में हर पांच में से 2 लड़कियों की शादी



नाबालिग उम्र में होती है। वार्षिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2011-12 के अनुसार राजस्थान में अभी भी 2 से 11 बालिका का विवाह 18 वर्ष की कम उम्र में हो जाता है। नेशनल क्राइमर रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों अनुसार देश में वर्ष 2011 में 113, 2012 में 169 व 2013 में 222 बाल विवाह के मामले दर्ज हुए। भारत में अब भी बाल विवाह के चलते सबसे ज्यादा प्रचलन में है। दुनिया को हर तीन में से एक बाल वधू भारत देश में है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट अनुसार दक्षिण एशिया, उप सहारा अफ्रीका और भारत बाल विवाह के मामले में सबसे आगे है। दुनियाभर की बाल वधुओं में से करीब आधी (42 फीसदी) दक्षिण एशिया में है। इस समय दुनिया भर में 70 करोड़ ऐसी महिलाएं हैं जिनका विवाह 18 वर्ष से कम उम्र में कर दिया गया। करीब 25 करोड़ महिलाओं का विवाह तो 15 वर्ष से भी कम उम्र में हो गया था। कच्ची उम्र में की गई शादी से लड़कियों के स्वास्थ्य पर भी गहरा आघात लगता है। वार्षिक स्वास्थ्य सर्वे 2010-11 के आंकड़ों अनुसार भारत में 15-19 वर्ष की 46 फीसदी विवाहित लड़कियां गर्भवती या मां बनी।

# सामाजिक कल्याण बनाम धार्मिक हस्तक्षेप: संतुलन की अनिवार्यता

अभी हाल ही में सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की संविधान पीठ ने सबरीमाला मामले की सुनवाई के दौरान मौखिक रूप से एक टिप्पणी की सामाजिक कल्याण के नाम पर किसी धर्म को खोखला नहीं किया जा सकता। किसी भी अदालत के लिए लाखों लोगों की आस्था को गलत ठहराना मुश्किल है। समाज के विकास और प्रगतिशीलता के नाम पर किए जाने वाले सुधारों का उद्देश्य मानव जीवन को बेहतर बनाना होता है। लेकिन जब यही सुधार किसी धर्म की मूल संरचना, परंपराओं और आस्थाओं को प्रभावित करने लगते हैं, तब एक गंभीर प्रश्न खड़ा होता है—क्या सामाजिक कल्याण के नाम पर किसी धर्म को कमजोर या खोखला किया जा सकता है? अगर हम इस टिप्प्णी को समझने की कोशिश करते हैं तो भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में, जहां अनेक धर्म, परंपराएं और संस्कृतियां साथ-साथ विकसित हुई हैं, वहां यह सवाल और भी संवेदनशील हो जाता है। संविधान प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म का पालन, प्रचार और प्रसार करने की स्वतंत्रता देता है। ऐसे में सुधारों की प्रक्रिया को इस संवैधानिक संतुलन का सम्मान करना ही होगा। इतिहास गवाह है कि समाज में कई सुधार आवश्यक रहे हैं—चाहे वह सती प्रथा का उन्मूलन हो, बाल विवाह पर रोक हो या महिलाओं को समान अधिकार देने की दिशा में उठाए गए कदम। इन सुधारों ने न केवल समाज को मानवीय बनाया, बल्कि धर्मों की आत्मा को भी शुद्ध किया। इसलिए यह कहना भी सही नहीं होगा कि हर सुधार धार्मिक हस्तक्षेप है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब सुधार के नाम पर किसी विशेष धर्म या समुदाय को लक्षित किया जाता है, या उसकी आस्थाओं को तिरस्कार की दृष्टि से देखा जाता है। यह न केवल सामाजिक विभाजन को बढ़ाता है, बल्कि सुधारों के उद्देश्य को भी संदिग्ध बना देता है। सुधार यदि समानता, न्याय और मानवाधिकार के सार्वभौमिक सिद्धांतों पर आधारित हों, तो वे स्वीकार्य होते हैं; लेकिन यदि उनमें राजनीतिक या वैचारिक पक्षपात झलकता है, तो वे विरोध को जन्म देते हैं।


**सौरभ वार्ष्णेय**

## जरा हटके

# पत्रकार हितो के योद्धा 77 वर्षीय रमेश जैन पंचतत्व में विलीन

## 'उपजा' की नींव मजबूत करने में बने रहे शिला की तरह

बरेली। यू पी जर्नलिस्ट एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री बड़ौत निवासी 77 वर्षीय मान्यता प्राप्त पत्रकार रमेश चंद्र जैन अब पंचतत्व में विलीन हो गए। शुक्रवार को ही उन्होंने भोर में अपनी अंतिम सास ली। उनके गोलोकगमन से पत्रकारों ने अपना एक हितैषी योद्धा को खो दिया जो हमेशा उनके हितों को लेकर सरकार से पत्राचार करता रहता था । भगवत सरन ने लखनऊ में 1966 में जब राष्ट्रवादी पत्रकारो को जोड़कर यू पी जर्नलिस्ट एसोसिएशन (उपजा) का गठन किया था तो उन्होंने एवम अन्य पत्रकारो ने नही सोचा होगा कि उपजा के 60 साल होने पर उनके संगठन की कथित पत्रकार खंड खंड में विखंडित होकर उपजा की दुर्गति भी कर सकते है। पर बड़ौत के रमेश जैन ने अपने पत्रकार साथियो के दम पर उपजा को जेबी संगठन बनाने वालों के मंसूबों को ध्वस्त कर 2014 के बाद से उपजा का काफी समय तक गौरव कायम रखा। वह कई आरोप में घिरकर कोयले की खान में से कोर्ट आदेश पर साथियों के साथ बेदाग ही नजर आए थे । उनका लक्ष्य पत्रकारों की एकता पर ही रहता था । बड़ौत निवासी वरिष्ठ पत्रकार रमेश चंद जैन जी के बारे में मुझे वरिष्ठ पत्रकार अनिल माहेश्वरी ने बताया था कि खजांची का बेटा रमेश काफी जुझारू है। उनसे पहली बातचीत फ़ोन पर वर्ष 2013 में हुई थी। उन्होंने बताया था कि में यू. पी. जर्नलिस्ट्स ऐसोसिएशन (उपजा) के द्विवार्षिक चुनाव में प्रान्तीय महामन्त्री पद पर उम्मीदवार हूँ और मुझे आपसे वोट एवम सपोर्ट चाहिए । बरेली के ही जनार्दन आचार्य से बात कर हम दोनों ने इस समय संयुक्त रूप से रमेश जेन को जिताने को कमर कसी। इलाहाबाद में वर्ष 2013 में उपजा के द्विवार्षिक अधिवेशन में हुए चुनाव में प्रदेश भर के बरेली सहित अन्य जिलों से पँहुचे डेलीगेट्स ने रमेश जेन के पक्ष में मतदान किया। दूसरे गुट के समर्थक कथित धन्नासेठ पत्रकार ने गोली भी चलवाई थी जिसे



पुलिस ने गिराकर पीटा और जेल भी भेजा बाद में वह माफी मांग कर छूटे। अंततः रमेश जैन को महामंत्री पद पर विजय श्री हासिल हुई। में भी प्रान्तीय उपाध्यक्ष पद चुना गया था।

उसके बाद घनिष्ठता बढ़ी और पत्रकार हित के लिए एक नीति बनाई। लखनऊ के तत्कालीन उपजा जिलाध्यक्ष अब स्वर्गीय अरविंद शुक्ला, अरुण जायसवाल, जी सी श्रीवास्तव आदि अन्य साथियों के सहयोग से पत्रकार हित में अनेक कार्यक्रम समय समय पर किये गए तथा अनेक मांग पत्र उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, राज्यपाल से लेकर प्रधानमंत्री, प्रदेश सूचना विभाग के अधिकारियों को भेजे गए।

महामंत्री रमेश जेन, अरुण जायसवाल के प्रयासों से बरेली में उपजा की दो दिवसीय प्रदेश सम्मेलन/कार्यकारिणी का आयोजन 2014 में बरेली उपजा जिलाध्यक्ष डॉ पवन सक्सेना, जनार्दन आचार्य, संजीव कुमार शर्मा गंभीर, महेश पटेल, सुभाष चौधरी, फहीम करार, आर के जोशी, स्वर्गीय दिनेश पवन, फिरासत हुसेन, आदि द्वारा किया गया था। इस अवसर पर एक स्मारिका का भी प्रकाशन हुआ था जिसमे 16 मार्च 1966 में स्थापित उपजा के अधिकृत इतिहास को भी सभी से जानकारी जुटाकर छापा गया था। उपजा के संस्थापक महामन्त्री भगवत शरण जी के विषय में रमेश जेन ने मुझे साथ लेकर अलीगंज लखनऊ मे काफी पूछताछ की। आखिरकार उन्हें तलाश ही लिया। उनके साथ सेल्फी भी ली। हम लोगो ने उनके चरणस्पर्श कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया था। अब उपजा के प्रथम महामंत्री रहे भगवत शरण जी अब इस लोक में नहीं हैं। उपजा के पूर्व पदाधिकारियों रहे अब स्वर्गीय गुरुदेव नारायण, राजेन्द्र द्विवेदी आदि से इस दौरान सम्पर्क कर उपजा के वर्तमान स्वरूप की चर्चा कर मार्गदर्शन करने का अनुरोध भी किया था। मेरठ के बड़ौत में नवभारत टाइम्स के संवाददाता रहे रमेश जी 31 अगस्त 1949 को जन्मे रमेश जैन आज भी 77 वर्ष की उम्र में कर्मठ रहे। वह अकेले ही सूचना विभाग में जाकर पत्रकारो की समस्या को पत्र देते रहते है। उसका फ़ालोआप भी करते है। कोई परिस्थिति उत्पन्न हो उनके चेहरे पर शिकन नही पड़ती है। पत्रकारो की सम्मान की लड़ाई अपनी ही मान कर आगे की पंक्ति में रहकर संघर्षरत रहते है।

एक बार प्रदेश उपजा एवं लखनऊ जिला उपजा द्वारा मई दिवस 2016 के अवसर पर प्रदेश पर सपा नेता मुलायम सिंह की छोटी बहू अपर्णा यादव, मधुकर जेटली का अभिनंदन कर सम्मानित किया। बरेली, बहराइच, रायबरेली का सम्मेलन हो या बनारस का। रमेश जैन ने हमेशा प्रदेश की सभी इकाइयों की सूचना से प्रचार सामग्री आदि के लिए आगे आकर सहायता की।

कोटा, चित्तोड़, ओंकारेश्वर, विजयबाड़ा कही भी सम्मेलन हो प्रदेश एवम मित्र पत्रकारो को कमरे से लेकर सभी सुविधाओं की रमेश जी जब तक व्यवस्था नहीं कर देते उन्हें चेन नही पड़ता । मजीठिया वेज बोर्ड लागू करवाने के लिए बने कन्फेडरेशन का दो दिवसीय कार्यक्रम लखनऊ के गोमती होटल तथा विश्वरैया हाल में बढ़चढ़ कर भाग ही नही लिया था। अपितु अपनी बात को भी प्रमुखता से रखा। वरिष्ठ पत्रकारों अब स्वर्गीय राजेन्द्र प्रभु और नंदकिशोर त्रिखा (दोनों नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट नेता) की पूरी देखभाल की।

10 अक्टूबर 2019 को कन्फेडरेशन (पत्रकार यूनियनों के समूह) द्वारा जन्तर मन्तर पर किये गये धरना- प्रदर्शन में प्रदेश के लोगो को फ़ोन कर ट्रैन की जानकारी दी। और सभी से फोन से लगातार संपर्क भी बनाये रखा।

प्रयागराज कुम्भ 2019 में उपजा के दल बल के साथ वह शामिल हुए थे। सूचना विभाग से सभी पत्रकारों की व्यवस्था भी कराई थी।

रमेश जैन ने केंद्रीय स्तर पर मजीठिया वेज बोर्ड लागू करना, पत्रकार सुरक्षा कानून बनाकर लागू करना, प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के संरक्षण के लिए प्रेस कौंसिल की बजाय मीडिया कौंसिल का गठन किया जाना, प्रेस आयोग का पुनर्गठन किया जाना आदि के लिए भी प्रधानमन्त्री से राष्ट्रपति को अनेक पत्र रेल में छूट देने संबंधी भी लिखे। देश ही नहीं उत्तर प्रदेश में राज्य स्तर पर पत्रकार सुरक्षा कानून बनाए जाने, सभी पत्रकारों को चिकित्सा सुविधा कार्ड देने, सेवा निर्वत वरिष्ठ पत्रकारों को पेंशन शुरू करने आदि मांगो को लेकर केंद्रीय श्रम मंत्री से मुख्यमंत्री और राज्यपाल को अनगिनत पत्र भेजे। उनका यह क्रम आज भी जारी है। रमेश जैन एक बार जिसके साथ हो गए अपनी तरफ से साथ छोड़ने वाले नही है। फोन पर हमेशा बात कर हाल चाल पूछते है।

## 16 शहरों में 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज, सुबह से गर्म हवाएं चल रहीं, 3 दिन बाद बदलेगा मौसम

# पारा 45 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचा

**तापमान**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/ वाराणसी। यूपी में अपैल में ही भीषण गर्मी पड़ने लगी है। पारा 45 डिग्री के करीब पहुंच गया। शुक्रवार सुबह से ज्यादातर जिलों में तेज धूप है। गर्म हवाएं चल रही हैं। गुरुवार (16 अप्रैल) को बांदा का तापमान 44.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। पिछले साल 22 अप्रैल को प्रयागराज का पारा 44.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। यानी, इस बार 6 दिन पहले ही अधिकतम तापमान पिछले साल से ज्यादा पहुंच गया। यही नहीं, 16 जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री या इसके पार दर्ज किया गया। प्रयागराज, वाराणसी समेत 50 शहरों में भीषण गर्मी पड़ी। स्कूल जा



रहे बच्चे मुंह पर कपड़े बांधे और छाते लिए नजर आए। वाराणसी में सुबह का तापमान 41 डिग्री दर्ज किया गया। हवा की रफ्तार करीब 8 किलोमीटर प्रति घंटा रही। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 8 दिनों तक तापमान 40 डिग्री के पार बना रह सकता है। मेरठ में सीजन में पहली बार तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। आसमान में हल्के बादल छाए हुए हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, कल की तुलना में आज गर्मी थोड़ी कम महसूस हो सकती है।

> लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया-प्रदेश में अगले तीन दिनों तक तापमान 2-3 डिग्री बढ़ेगा। इसके बाद एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। हालांकि, इसकी वजह से बारिश की संभावना नहीं है, लेकिन हवाओं के रुख में बदलाव आएगा। आसमान में बादल छा सकते हैं। गर्मी से हल्की राहत मिल सकती है।

### इन तारीखों को रहेगा नौतपा का असर

इस साल ग्रहों के राजा सूर्य रोहिणी नक्षत्र में 25 मई को 15:37 बजे प्रवेश करेंगे। इसके बाद सूर्य रोहिणी नक्षत्र में 8 जून को 13:33 बजे तक यानी 15 दिन रहेंगे। ऐसे में सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के प्रारंभ के नौ दिन तक नौतपा का प्रभाव रहेगा।

ज्योतिषाचार्य पुनीत वार्ष्णेय के अनुसार, यह प्रभाव 25 मई से शुरू होकर दो जून तक रहेगा। इस दौरान पृथ्वी पर सूर्य की सीधी किरणें पड़नी शुरू हो जाती हैं, जिससे इस कालखंड में भीषण गर्मी पड़ती है।

गोरखपुर में सुबह से तेज धूप निकली हुई है और गर्मी महसूस की जा रही है। आज अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान 20 से 22 डिग्री के आसपास रह सकता है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, वर्तमान में कोई सक्रिय वेदर सिस्टम (मौसम तंत्र) नहीं होने की वजह से शुष्क पछुआ हवाएं सीधे मैदानी इलाकों में आ रही हैं।



■ गोरखपुर चिड़ियाघर में दरियाई घोड़े तालाब से निकल ही नहीं रहे। गर्मी में ठंडे पानी का आनंद लेते रहे।

### दरियाई घोड़े पानी भरे तालाब से निकल ही नहीं

बढ़ती गर्मी का असर अब जानवरों पर साफ दिखाई देने लगा है। गोरखपुर चिड़ियाघर में दरियाई घोड़े पानी भरे तालाब से निकल ही नहीं रहे। गर्मी में ठंडे पानी में आनंद ले रहे हैं। कानपुर चिड़ियाघर में गैंडे के लिए कीचड़ का तालाब बनाया गया है। हिरन-शेरों पर लिए पानी की फुहारें डाली जा रहीं।

## फर्जी पुत्री बनकर जायदाद हड़पने का आरोप

### एसपी के निर्देश के बाद मुकदमा दर्ज

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के ग्राम सालपुर निवासी लालता प्रसाद ने गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय को प्रार्थना पत्र देकर कई लोगों के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी आरोप है कि मृतक की फर्जी पुत्री बनकर कूटरचित दस्तावेजों के सहारे जमीन हड़प ली गई। कप्तान के आदेश के बाद चार लोगो पर मुकदमा दर्ज। प्रार्थी के अनुसार उनके सगे चाचा स्व. परसराम की मृत्यु 16 मई 2018 को हो गई थी और उनकी कोई संतान नहीं थी। इसी का फायदा उठाकर विपक्षी अनीता ने खुद को परसराम की पुत्री बताते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार कराए। आरोप है कि अनीता ने कक्षा 8 की फर्जी मार्कशीट पूर्व माध्यमिक विद्यालय दुर्गापुर, नौवस्ता (विकास खंड सूरतगंज) से बनवाई, जबकि खंड शिक्षा अधिकारी सूरतगंज द्वारा लिखित जांच में स्पष्ट किया गया कि इस नाम की कोई छात्रा वहां से उत्तीर्ण नहीं हुई है। प्रार्थना पत्र में यह भी कहा गया है कि रामनगर उपनिबंधक कार्यालय में फर्जी तरीके से इकरारनामा तैयार कराकर जमीन पर दावा किया गया। इसके बाद कथित रूप से प्रमोद कुमार दीक्षित और रजनीश कुमार ने अनीता के माध्यम से जमीन का फर्जी एग्रीमेंट कराया और बाद में उक्त भूमि को अन्य लोगों के नाम बैनामा कर दिया गया। विवादित भूमि गाटा संख्या 987, 1152 व 194 ग्राम सालपुर, तहसील रामनगर में स्थित बताई गई है। इस मामले में नायब तहसीलदार रामनगर की अदालत में चले वाद में 25 फरवरी 2026 को पारित आदेश में जांच के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया कि अनीता, परसराम की पुत्री नहीं बल्कि बेचन की पुत्री है।

**फास्ट न्यूज**

### नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित

गाजीपुर। गाजीपुर में शुक्रवार को 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला पंचायत सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

सम्मेलन से पहले सैकड़ों महिलाओं ने आमघाट से सरयू पांडेय पार्क तक पदयात्रा निकाली।

### क्रूज निर्माण के नाम पर 4 करोड़ की हुई धोखाधड़ी

वाराणसी। क्रूज निर्माण के नाम पर चार करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी में लंका थाने में केरल की एक कंपनी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। गंगा में संचालित अलकनंदा क्रूज के मालिक ने तीन क्रूज का आर्डर दिया था, जिसके एवज में पैसे लिये गए। आरोप है कि तय समय के बाद भी न पैसा मिला, ना ही क्रूज तैयार किया गया। इनकी ओर से कोच्ची (केरल) की नवाल्ट सोलर ऐंड इलेक्ट्रिक बोट्स प्रा.लि. के निदेशक संदिथ थनदाशेरी एवं रमिथा मधु को तीन क्रूज के लिए पहली अगस्त 2022 को ऑर्डर दिया गया था।

### गाजीपुर में 2 बाइकों की टक्कर में 3 की मौत

गाजीपुर । गाजीपुर जिले के सादात थाना क्षेत्र में टांड़ा गांव के पास गुरुवार रात करीब 11 बजे दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। घायलों में से शुभम कुमार को गंभीर हालत में वाराणसी के ट्रामा संेटर रेफर किया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## शक्ति वंदन अधिनियम प्रचार के अंतर्गत विविध कार्यक्रम




तमसा संकेत, संवाददाता

पनवाड़ी, महोबा । राजकीय मॉडल महाविद्यालय, देवगनपुरा में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' विषय पर संगोष्ठी एवं विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों, गरिमा एवं सामाजिक सहभागिता एवं विधायिका में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। अपने उद्बोधन में प्राचार्य डा. आशुतोष शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में आधुनिक समाज के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा शिक्षा एवं आत्मविश्वास के माध्यम से समाज में अपनी सशक्त पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। मिशन शक्ति प्रभारी डा. रावेन्द्र सिंह ने नारी सशक्तिकरण को सामाजिक परिवर्तन का आधार बताते हुए छात्राओं को निरंतर आगे बढ़ने एवं अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं द्वारा टोल फ्री नम्बर 9667173333 पर मिस कॉल किया गया तथा 'नारी शक्ति दीवार' बनाई गई, जिस पर छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक हस्ताक्षर अभियान चलाकर नारी वंदन अधिनियम पर समर्थन व्यक्त किया।

## अखिलेश यादव के 'सास-बहू' तंज पर बोलीं- दम है तो गोरखपुर से चुनाव लड़कर दिखाएं

# नारी वंदन समारोह में पहुंचे डिप्टी सीएम और स्मृति ईरानी

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। पूर्व मंत्री स्मृति ईरानी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को गोरखपुर से चुनाव लड़ने की चुनौती दी है। स्मृति ईरानी ने 'सास-बहू' तंज पर कहा-विरासत की राजनीति पाने वाले कामकाजी महिला पर टिप्पणी कर रहे हैं। पुराने विषयों को लेकर सवाल उठाना आसान है। अगर इतना ही दम है तो अपने पैतृक क्षेत्र (कन्नौज) को छोड़कर गोरखपुर से चुनाव लड़कर दिखाएं। लेकिन उनमें इतना दम नहीं, हमने तो कांग्रेस अध्यक्ष को उनके गढ़ (अमेठी) में हराया है।

स्मृति ईरानी शुक्रवार को वाराणसी में थीं। उन्होंने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के साथ 'नारी शक्ति वंदन' (सशक्त नारी, सशक्त भारत) कार्यक्रम में हिस्सा लिया।



■ वाराणसी के सांस्कृतिक संकुल में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी डिप्टीसीएम ब्रजेश पाठक और कई महिला जनप्रतिनिधि।

> नोएडा में महिलाओं पर हुए लाठीचार्ज और विपक्ष के आरोपों पर स्मृति बोलीं- समाजवादी पार्टी के नेताओं से संस्कार और संयम की अपेक्षा नहीं की जा सकती। विपक्षी दल स्पष्ट करें कि वे महिला आरक्षण का समर्थन करते हैं या नहीं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा के दौरान अखिलेश यादव का फोकस नहीं है। सीरियल छोड़कर संसद के काम पर ध्यान देने और महिला सशक्तीकरण बिल का समर्थन करने की सलाह दी।

हम जैसे लोग टैक्स भरते हैं, इसलिए नहीं कि सदन में सास-बहू की बातें हो। संसद में जाकर अपने संसदीय कार्य पर ध्यान दें।



### संसद में अखिलेश यादव का सास-बहू बयान

अखिलेश यादव ने सांसदों के बीच अपने भाषण में कहा- यदि भाजपा सीटें रिजर्व कर देगी, तो महिलाओं के बीच ही प्रतियोगिता करवा रहे हैं। उन्होंने पार्टी आधार पर महिला आरक्षण का प्रावधान करने की भी मांग उठाई। साथ ही, उन्होंने स्मृति ईरानी पर तंज कसते हुए कहा, "सास बहू वाली तो हार गईं आपकी। पार्टी को तो मौका मिलेगा।"

### महिला आरक्षण बिल पर बोलीं, संविधान धर्म आधारित आरक्षण की अनुमति नहीं देता

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने महिला आरक्षण विधेयक (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) को लेकर विपक्ष देश की जनता और अल्पसंख्यकों को गुमराह कर रहा है। उन्होंने कहा- अखिलेश यादव द्वारा मुस्लिम महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की मांग को भारत का संविधान धर्म के आधार पर स्वीकार नहीं करता।

## इस घटना से एक परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं

# फेल होने की अफवाह नें ली छात्रा की जान

तमसा संकेत, संवाददाता

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र केतिलौरा गांव में सीबीएसई बोर्ड के नतीजों के बाद एक छात्रा ने फेल होने की अफवाह सुनकर जहरीला पदार्थ खा लिया। इस घटना से एक परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। छात्रा ने यह कदम कथित तौर पर फेल होने की गलतफहमी के कारण उठाया।

विडंबना यह रही कि जहर खाने के कुछ ही देर बाद उसे पता चला कि वह 78 प्रतिशत अंकों के साथ शानदार तरीके से उत्तीर्ण हुई थी।

लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और उसकी जान जा चुकी थी।

घटना के कुछ देर बाद आराध्य के भाई तनिष्क ने उसे फोन कर खुशखबरी दी कि वह फेल नहीं, बल्कि 78 प्रतिशत अंकों से पास हुई है। पास होने की सूचना मिलते ही आराध्य के पैरों तले जमीन खिसक गई। उसे अपनी गलती का अहसास हुआ और उसने तत्काल अपनी दादी को जहर खाने की बात बताई। पिता दुर्गेश उसे आनन-फानन में सीएचसी ठर्रापार ले गए, जहाँ से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था; अस्पताल पहुँचने से पहले ही रास्ते में आराध्य ने दम तोड़ दिया।

### गलत सूचना बनी काल

तिलौरा निवासी दुर्गेश धर दुबे की 16 वर्षीय पुत्री आराध्य दुबे नगर पंचायत के सेंट जोसेफ स्कूल में हाईस्कूल की छात्रा थी। बुधवार को जब सीबीएसई का परिणाम घोषित हुआ, तो किसी परिचित ने आराध्य को सूचना दी कि वह परीक्षा में असफल हो गई है। मेहनत के बावजूद फेल होने की खबर ने किशोरी को गहरे अवसाद में डाल दिया। उस वक्त घर पर मां और भाई नहीं थे, जिसका फायदा उठाकर उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया।



> ■ घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। मृतका के पिता शव को वापस घर लाए और उसे कार में लॉक कर दिया। जब मां अंकिता दुबे मायके से लौटीं, तो पिता ने सच्चाई छिपाते हुए कहा कि आराध्य सो रही है। मां के हंगामे के बाद जब गाड़ी का लॉक खुला, तो बेटी का शव देखकर परिजनों की चीखें निकल गईं।

## डीजे पर गाना बदलने को लेकर हुए युवक पर धारदार हथियार से हमला

### पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। रामनगर थाना क्षेत्र में डीजे पर गाना बदलने को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर धारदार हथियार से बुधवार रात को हमला किया गया था। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवक गंभीर रूप से घायल है और उसका इलाज लखनऊ के ट्रामा सेंटर में चल रहा है।

पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार चैनपुरवा मजरे कजियापुर निवासी दोस्त मोहम्मद अपने बेटे इसरार के साथ 15 अप्रैल 2026 की रात गांव कजियापुर में एक तिलक समारोह में गए थे। समारोह में डीजे ऑपरेटर अमन ने खाना खाने जाने से पहले इसरार से कुछ देर के लिए डीजे संभालने को कहा था। इसी दौरान गांव का ही जयंकर सिंह उर्फ



मयंकर सिंह पुत्र गजराज सिंह वहां पहुंचा और इसरार से गाना बदलने को कहा। इसरार ने बताया कि उसे डीजे चलाना नहीं आता, इसलिए ऑपरेटर के आने तक इंतजार करने को कहा। इसी बात पर आरोपी भड़क गया।

आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए इसरार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पक्ष के विरोध करने पर आरोपी अपने घर से धारदार बांका ले आया और इसरार के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में इसरार के सिर, बाईं आंख और नाक पर गंभीर चोटें आईं, जिससे वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। घटना की सूचना तत्काल डायल 1076 पर पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल इसरार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज पहुंचाया। वहां से हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर किया गया। जिला अस्पताल से भी स्थिति नाजुक होने पर देर रात करीब 2 बजे उसे ट्रामा सेंटर, मेडिकल कॉलेज लखनऊ भेजा गया। वहां भर्ती में देरी होने के कारण हिन्द मेडिकल कॉलेज सफेदाबाद ले आए जहां उपचार किया गया। जिसके बाद आंख में सुधार न होने पर उन्हें ड्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया।

**आयोजन : यूनिवर्सिटी - इंडस्ट्री संवाद में 100 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल**

# इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में भव्य दीक्षांत समारोह

तमसा संकेत, संवाददाता

साहिबाबाद। इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज में शुक्रवार को गरिमामय एवं भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ से संबद्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों के कुल 451 छात्र-छात्राओं को विधिवत उपाधियां प्रदान की गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एकेटीयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) जे.पी. पांडे, विशिष्ट अतिथि अनूप कुमार राय (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, गाजियाबाद), संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल एवं गौरव अग्रवाल, कैंपस निदेशक डॉ. डी.के. शर्मा, प्लेसमेंट डायरेक्टर आकांक्षा अग्रवाल तथा रजिस्ट्रार अल्पना रानी



द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह का आकर्षक शुभारंभ अरवाचीन भारतीय भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विवेक विहार के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत बैगपाइप बैंड की मनमोहक प्रस्तुति से हुआ। इसके पश्चात कैंपस निदेशक डॉ. डी.के. शर्मा ने संस्थान की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध गतिविधियों एवं प्लेसमेंट में हुई उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डाला। दीक्षांत समारोह में कुल 451 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं, जिनमें कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के 168, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग के 103, डेटा साइंस के 66, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के 12 तथा इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के 102 विद्यार्थी शामिल रहे।

### यह तकनीक तेजी से उन्नत हो रही

अपने संबोधन में कुलपति प्रो. (डॉ.) जे.पी. पांडे ने विद्यार्थियों को आत्मविकास, सशक्त निर्णय क्षमता एवं तकनीकी दक्षता को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। उन्होंने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में गुरु का स्थान सर्वोपरि होता है। साथ ही उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि यह तकनीक तेजी से उन्नत हो रही है और स्वयं को अद्यतन करने में सक्षम है, ऐसे में युवाओं को समय रहते इसे अपनाना आवश्यक है। इस अवसर पर कुलपति द्वारा संस्थान में स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस—रोबोटिक्स एंड ड्रोन लैब तथा स्पेस टेक्नोलॉजी लैब का उद्घाटन भी किया गया।




> कार्यक्रम में संस्थान के पूर्व छात्रों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही, जिनमें से कई सफल उद्यमी के रूप में स्थापित हैं और 50 से अधिक स्टार्टअप का संचालन कर रहे हैं। समारोह का समापन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में हुआ।

इसके अतिरिक्त 66 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा लगभग 4.15 लाख रुपये की नकद पुरस्कार राशि वितरित की गई। दीक्षांत समारोह के उपरांत 'यूनिवर्सिटी–इंडस्ट्री संवाद' का आयोजन किया गया, जिसमें उद्योग जगत की वर्तमान चुनौतियों एवं उनके समाधान पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ।

### गाजीपुर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर प्रेस कॉन्फ्रेंस

गाजीपुर । गाजीपुर जिला मुख्यालय के रायफल क्लब स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित महिलाओं ने भाग लिया और इस अधिनियम को लैंगिक समानता व महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। वक्ताओं ने अधिनियम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कानून लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करेगा। इससे उनकी राजनीतिक भागीदारी बढ़ेगी। डॉ. ऋचा राय ने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने वाला मील का पत्थर बताया। डॉ. बीती सिंह ने कहा कि इस अधिनियम से महिलाओं को समाज में सम्मान और पहचान मिलेगी। साथ ही, स्वास्थ्य, पोषण और महिला कल्याण से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी जा सकेगी।

## गौशालाओं के सुदृढ़ संचालन पर विशेष जोर



तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी । गौशालाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी गौ आश्रय स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, साइलेज एवं भूसा उपलब्ध रहे। वर्तमान मौसम को देखते हुए लू से बचाव हेतु समुचित प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि गोवंशों के स्वास्थ्य का नियमित सर्वे कर आवश्यक उपचार सुनिश्चित किया जाए तथा सभी अभिलेख अद्यतन रखे जाएं।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि गोशालाओं में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण कर कमियों को समयबद्ध रूप से दूर कराया जाए।

पंचायती राज विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने गांवों में स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। नालियों की नियमित सफाई, जल निकासी की समुचित व्यवस्था तथा अधूरे शौचालयों के निर्माण को शीघ्र पूर्ण कराने पर जोर दिया गया। साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए गए।

### बहू ने मंदिर में दीया जलाया तो आग भड़की, धमाका सुन चौकी से भागे पुलिसकर्मी

# गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने से छत उड़ी

**घटना**

- आग लगने के बाद धुंआ उठते देख अंदर रह लोग भाग कर बाहर आ गए।
- आग लगते ही कमरे से कमरे से उठने लगी लपटें

**तमसा संकेत, एजेंसी**

झांसी। झांसी में गुरुवार रात एक मकान में आग लगने के बाद गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। इससे कमरे की छत उड़ गई और कॉलोनी में दहशत का माहौल हो गया। धमाका सुनकर पड़ोस में बनी चौकी के पुलिसकर्मी बाहर निकल आए।

पुलिस ने लोगों के साथ मिलकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। पुलिस के फोन करने पर फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग से कोई हताहत नहीं हुआ।



जगदीश सिंह ने आगे बताया- धमाका सुनकर घर के बाहर निकला तो देखा कि ऊपर वाले कमरे में आग लगी थी। मैंने कमरे में जाने की कोशिश की, लेकिन लपटें निकल रही थी। आग इतनी तेज थी कि सीढ़ियों पर भी नहीं चढ़ पा रहा था।

तब तक नैनागढ़ चौकी से पुलिस आ गई। सभी ने फायर बिग्रेड को फोन किया। तब तक पूरे कमरे में आग लग चुकी थी। घर में दो सिलेंडर और रखे थे, उनको बाहर निकाला। मोहल्ले में अफरा तफरी का माहौल हो गया। दूसरे कमरे में आग पहुंचती, उससे पहले ही फायर बिग्रेड की एक गाड़ी आ गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग से दो फोन, पैसा, फ्रिज, वॉसिंग मशीन सबकुछ जल गया। लगभग एक लाख रुपए का सामान जल गया। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ।

#### घरवालों को भी पता नहीं था आग लग गई

नैनागढ़ चौकी के पास रहने वाले जगदीश सिंह ने बताया- मैं ऑटो चलाता हूं। घर में किराना की दुकान है। गुरुवार रात को ऑटो चलाकर आया तो दुकान पर बैठा था। रात लगभग 8 बजे बहू ने छत पर बने कमरे में मंदिर के अंदर दीपक जलाया। इसके बाद वो नीचे आ गई।

कुछ देर बाद कमरा में आग लग गई। यहां दो गैस सिलेंडर रखे थे। इसमें एक सिलेंडर भरा था। आग की वजह से भरा हुआ सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। इससे कमरे की सीमेंट शेड वाली छत उड़ गई। क्षेत्र में दहशत का माहौल हो गया और लोग अपने घरों से बाहर निकल आए।

> **बताया जा रहा है कि महिला ने मंदिर में दीपक जलाया गया। इसके बाद ही आग भड़क गई। इससे फ्रिज, वाशिंग मशीन मशीन, दो मोबाइल, पैसे समेत एक लाख रुपए का सामान जल गया। घटना प्रेमनगर थाना क्षेत्र के नैनागढ़ चौकी के पास की है।**



मकान मालिक जगदीश ने बताया- बहू ने रात में दीपक जलाया था। जिसके चलते आग लगी।

## अंबेडकर के पोस्टर-झंडे जलाने पर बवाल, एसीपी का सिर फटा

### पथराव : 6 थानों के 300 पुलिसकर्मी तैनात

**तमसा संकेत, एजेंसी**

वाराणसी । वाराणसी में अंबेडकर के झंडे-पोस्टर जलाने और हटाने को लेकर शुक्रवार को बवाल हो गया। दलित समाज के लोगों ने बाबतपुर-चौबेपुर मार्ग पर जाम लगा दिया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने पुलिस टीम पर भी पथराव कर दिया। इसमें एसीपी सारनाथ विदुष सक्सेना का सिर फट गया, जबकि चोलापुर थाने के दो दरोगा भी घायल हो गए। पूरा मामला अंबेडकर जयंती से जुड़ा है। चोलापुर थाना क्षेत्र के नेहिया गांव में उस दिन दलित समाज के लोगों ने झंडे-पोस्टर लगाए थे। इन्हें कुछ लोगों ने फाड़कर जला दिया। इस घटना को लेकर दलित और दूसरा पक्ष आपस में भिड़ गए। दलित समाज का आरोप है कि पुलिस ने हमारी बात नहीं सुनी। दूसरे पक्ष की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली।

हालांकि, पुलिस ने लाठीचार्ज कर



हालात पर काबू पा लिया है। नेहिया गांव में तनाव को देखते हुए 4 आईपीएस, 2 एसीपी समेत 300 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। चोलापुर थाना क्षेत्र के नेहिया गांव में प्रवेश द्वार पर राम नवमी के अवसर पर झंडा लगाया गया था, जबकि 14 अप्रैल को का झंडे को उतारकर अंबेडकर जयंती पर अंबेडकर का झंडा लगाया दिया गया। 15 अप्रैल की रात अज्ञात लोगों ने अंबेडकर के झंडे को तोड़कर हटा दिया गया। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद 16 अप्रैल की सुबह पहले झंडा जलाए जाने की अफवाह फैली, जिसके बाद दलित समुदाय के लोग पहुंच गए।

**फास्ट न्यूज**

### आगरा के संजय प्लेस में लगी आग

आगरा। आगरा के प्रमुख कारोबारी इलाके संजय प्लेस में शुक्रवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान के गोदाम में अचानक आग लग गई। समय रहते दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया, लेकिन भारी आर्थिक नुकसान हुआ। संजय प्लेस स्थित स्काई टावर कॉम्प्लेक्स में एक्स्ट्रीम इन्फोटेक नामक दुकान के गोदाम में करीब 12:30 बजे आग भड़क उठी।

### सीए बनना चाहते हैं आरुष शंकर,95 प्रतिशत अंक मिले

मथुरा। परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर वृंदावन के दसवीं कक्षा के छात्र आरुष शंकर ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परीक्षा पास की है।वह सीए बनना चाहते हैं।वह कहते हैं कि हॉस्टल में रहकर प्रतिदिन आठ घंटे पढ़ाई करते थे, पढ़ाई करना कभी नहीं छोड़ा। वह कहते हैं कि पढ़ाई से घबराना नहीं चाहिए। आरुष बताते हैं कि पढ़ाई का समय लंबा होने के बजाय गहन होना आवश्यक है। बताया कि जितना अध्ययन करते थे, उतना मन लगाकर करते थे।

उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखी है।

### कानपुर में सिटी बसों का टाइम बढ़ा

कानपुर। कानपुर में सिटी बसों के समय में बदलाव किया गया है। अब यात्रियों को पहले से ज्यादा समय तक बस सेवा का लाभ मिल सकेगा। कानपुर सिटी ट्रांसपोर्ट लिमिटेड (KCTL) के अनुसार, अब शहर की बसें सुबह 5:30 बजे से लेकर शाम 7:30 बजे तक अलग-अलग रूटों पर संचालित होंगी। पहले ये बसें सुबह 6 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक ही चलती थी।

## डिजिटल तकनीक से पारदर्शी व त्रुटिरहित जनगणना का लक्ष्य

**तमसा संकेत, संवाददाता**

बाराबंकी। जनपद में प्रस्तावित जनगणना 2027 की तैयारियों को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी/प्रमुख जनगणना अधिकारी के मार्गदर्शन में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/ जिला जनगणना अधिकारी द्वारा तहसील रामनगर स्थित प्रशिक्षण स्थल सहित अन्य का औचक निरीक्षण किया गया।उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, उपस्थिति, तकनीकी व्यवस्था एवं प्रशिक्षकों द्वारा दिए जा रहे निर्देशों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण को गंभीरता से लें तथा प्रत्येक बिंदु को भली-भांति समझकर ही फील्ड में कार्य करें, जिससे जनगणना कार्य शत-प्रतिशत शुद्धता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न हो सके। जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य दिनांक 22 मई से 20 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस चरण में प्रत्येक भवन, आवासीय एवं गैर-आवासीय इकाइयों का विवरण एकत्र किया जाएगा, जो आगामी जनसंख्या गणना के लिए आधार तैयार करेगा। जनपद बाराबंकी में व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। तहसील फतेहपुर में 360 प्रगणक एवं सुपर-वाइजरों को 18 फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षित किया गया है।



- अपर जिलाधिकारी/ जिला जनगणना अधिकारी ने तहसील रामनगर में जनगणना प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

### शादीशुदा प्रेमिका चीख-चीखकर बोली- मैंने उसे मार दिया, बैग में हथौड़ा-चाकू लाई थी

# होटल में प्रेमी का सिर फोड़ा, गला काटा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

आगरा। आगरा में शादीशुदा महिला ने शुक्रवार दोपहर अपने प्रेमी के सिर पर हथौड़े से हमला कर दिया। वह जब अचेत हो गया तो चाकू से ताबड़तोड़ वार किए और गला काट डाला।

जब प्रेमी की मौत हो गई तो महिला चीखने-चिल्लाने लगी। कहने लगी- 'मैंने उसे मार डाला...मैंने उसे मार डाला।' ये वारदात इटौरा थाना क्षेत्र के एक होटल की है। दोनों सुबह ही होटल पहुंचे थे और अपने लिए एक कमरा बुक किया था।

होटल संचालक की सूचना पर पुलिस ने कमरे से सबूत जुटाए हैं। शुरुआती जांच के मुताबिक, महिला पूरी तैयारी के साथ आई थी। कत्ल करने के बाद वह भागी नहीं। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया है।



बिल्लो, मृतक

फतेहपुर सीकरी निवासी बिल्लो के ककुआ निवासी विवाहिता प्रीति से अवैध संबंध थे। बिल्लो शुक्रवार सुबह 11 बजे अपनी प्रेमिका के साथ आगरा में इटौरा चौराहा स्थित होटल ताजपथ में पहुंचा था। दोनों होटल की तीसरी मंजिल पर कमरा नंबर 204 में ठहरे थे।



दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद प्रेमिका ने बिल्लो के सिर पर हथौड़ा मार दिया। इससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा। इसके बाद प्रेमिका ने धारदार हथियार से युवक का गला रेत दिया। फिर प्रेमिका कमरे में चीखने-चिल्लाने लगी। उसने मर्डर किया है, यह बात उसने चीख-चीखकर कही। उस वक्त कमरे का दरवाजा खुला था। चीख सुनकर होटल का एक कर्मचारी मौके पर पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। उसने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस के पहुंचने तक प्रेमिका होटल के कमरे में ही लाश के पास बैठी रही। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया गया।

> **डीसीपी वेस्ट आदित्य कुमार ने बताया-युवक की हत्या के आरोप में महिला को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। महिला पूरी तैयारी के साथ हत्याकांड को अंजाम देने के लिए आई थी।**

#### शादीशुदा है प्रेमिका

प्रेमिका शादीशुदा और एक बच्चे की मां है। दोनों का रिश्ता मामा-भांजी का बताया जा रहा है। हत्याकांड को जिस तरह से प्रेमिका ने अंजाम दिया है, उससे देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि प्रेमिका पूरी तैयारी के साथ आई थी। वह बैग में हथौड़ा और धारदार हथियार रखकर लाई थी। उसने पूरी प्लानिंग के साथ हत्याकांड को अंजाम दिया।

# किसानों के सम्मान व अधिकार की लड़ाई हर स्तर पर लड़ेगी कांग्रेस : भगवान सिंह

### देश का अन्नदाता किसान आज प्राकृतिक आपदाओं, महंगाई और सरकारी उपेक्षा का शिकार हो रहा

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए भारी नुकसान के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया और महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की पीड़ा के प्रति संवेदन-हीन है और फसल सर्वेक्षण में भेदभाव किया गया है। किसानों को दी जा रही सहायता राशि को उन्होंने अपर्याप्त बताते हुए इसे "भद्दा मजाक" करार दिया। उन्होंने मांग की कि मथुरा के किसानों को 2 लाख रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए, साथ ही सरकारी ऋण और बिजली बिल माफ किए जाएं तथा किसानों से की जा रही रिकवरी



तत्काल रोकी जाए। भगवान सिंह वर्मा ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिला, तो कांग्रेस पार्टी गांव-गांव और सड़क से सदन तक बड़ा जनआंदोलन करने को बाध्य होगी। धरना-प्रदर्शन में ठाकुर साहब सिंह, दीपक पाठक, नसीर अहमद फारुकी, राजू अब्बासी, ठाकुर बदन सिंह, विनोद आर्य, बृजेश शर्मा, राम भरोसे चौधरी, धर्मबीर सिंह सोलंकी, रामदेव सोलंकी, सोबरन सिंह, सलमान चौधरी, अखलाक चौधरी, शिवराम सिंह, सचेन्द कुमार गौतम, वीरपाल सिंह खरे, विजय सिंह लोधी, चिरागद्दीन, इन्द्रजीत गौतम, नसीरुद्दीन अब्बासी, रोशनलाल, राजेंद्र प्रसाद बाल्मीकि, प्रियपाल सिंह, उमेश चंद्र शर्मा, उमाकांत शर्मा, कपिल शर्मा, अजय रैगर, आजाद रैगर, जगन्नाथ सिंह चौहान, सतपाल चौधरी, अजय रावत, रोहित शैनी, राकेश यादव, लक्ष्मी पहलवान, नीरज पहलवान, बादाम सिंह, पद्म सिंह, उदयवीर सिंह, सुहाग राम, सूरज सिंह, मोहम्मद यासिन, शमीम अब्बासी, मुकेश, शोभाराम सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

> इस अवसर पर पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं अलीगढ़ कोऑर्डिनेटर भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि देश का अन्नदाता किसान आज प्राकृतिक आपदाओं, महंगाई और सरकारी उपेक्षा का शिकार हो रहा है। हाल ही में हुई बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की तैयार फसलों को बर्बाद कर दिया है, जिससे गोवर्धन, छाता, बल्देव और मांट विधानसभा क्षेत्रों के किसानों को सर्वाधिक नुकसान हुआ है।

# कारब में रागनी महोत्सव का ऐतिहासिक आयोजन

**तमसा संकेत, संवाददाता**

कारब। गाँव कारब में 16 अप्रैल को समाजसेवी चौधरी हरवीर सिंह पहलवान के तत्वावधान में आयोजित भव्य रागनी महोत्सव ने सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए। इस सांस्कृतिक संध्या में लोक कला, परंपरा और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत रागनी जगत के प्रसिद्ध कलाकार नरदेव बेनीवाल और रोहताश धामा की दमदार प्रस्तुतियों से हुई। इसके बाद संजना चौधरी, भावना भाटी और राधा चौधरी ने अपनी मधुर आवाज और शानदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरी रात पंडाल तालियों और जोश से गूंजता रहा।

महोत्सव में क्षेत्र की प्रमुख

### कलाकारों ने बिखेरा सुरों का जादू



हस्तियों की उपस्थिति भी आकर्षण का केंद्र रही। आयोजक चौधरी हरवीर सिंह पहलवान ने अतिथियों का पारंपरिक तरीके से पगड़ी पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में देव चौधरी, कलेक्टर सिंह, जीतू चौधरी, वीरपाल गंधार, हेमंत चौधरी और अमित ठाकुर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम ने न केवल लोक संस्कृति को जीवंत किया, बल्कि क्षेत्र में आपसी भाईचारे और एकता का भी मजबूत संदेश दिया।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### महिला आरक्षण की ...

शाह ने कहा- संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करते हैं। फ्लाइंग किस करते हैं। आंख मारते हैं। सत्र छोड़कर विदेश चले जाते हैं। ये भाषाओं में तीव्रता से बावनाएं व्यक्ति नहीं होती। प्रियंका से थोड़ा सीख लें कि सदन में कैसे बोलते हैं।

मैं टीवी पर विपक्ष के नेता का भाषण सुन रहा था। आपकी जिम्मेदारी है कि सदन की गरिमा बनी रही। वे कहते हैं कायर हैं, सरेंडर कर रहे हैं। असंसदीय शब्दों की भरमार लग जाती है। कभी आंख मारते हैं। ये किस तरह का बिहेवियर है। आपकी भाषा को देश सुन रहा है।

ये जानबूझकर दिया गया स्टेटमेंट है। हजारों साल पहले रामसेतु बनाने के लिए जिस गिलहरी ने योगदान दिया था, उस गिलहरी को भी यहां याद किया जाता है। आप महिला आरक्षण देने वाला बिल में विरोध की हड्डियां डाल रहे हैं।

शाह ने कहा- यहां पर महिला सांसदों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। बिल पर अच्छा बोलती हैं। हमने लेटर एंड स्पिरिट में महिला आरक्षण का अनुसरण किया है। हमारे यहां सुषमा स्वराज दिल्ली की, उमा भारती एमपी की, वसुंधरा राजे राजस्थान की पहली सीएम बनी।

70 सालों में कांग्रेस ने कभी इन राज्यों में महिलाओं को मौका नहीं दिया। आज भी दिल्ली में रेखा गुप्ता को सीएम भाजपा ने बनाया। इस देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू बनीं। आज 14 लाख महिलाए जनप्रतिनिधि के रूप में पंचायत में काम कर चुकी है

### तीसरी बार राज्यसभा...

इसके बाद राष्ट्रपति ने उनका मनोनयन किया। पूर्व CJI रंजन गोगोई के रिटायर होने के बाद सीट खाली हुई थी। इसे भरने के लिए JD(U) के हरिवंश को चुना गया। वे 2032 तक राज्यसभा में रहेंगे।

दरअसल, राज्यसभा में 12 सदस्य मनोनीत होते हैं, जिन्हें राष्ट्रपति तय करते हैं। इन्हें कला, साहित्य, विज्ञान और समाज सेवा में विशेष योगदान के आधार पर चुना जाता है।

बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान राज्यसभा में रिटायर हो रहे सांसदों का विदाई समारोह 18 मार्च को हुआ था। इस दौरान पीएम मोदी ने हरिवंश के लिए कहा था- ₹हमारे उपसभापति हरिवंश विदा ले रहे हैं। हरिवंश को इस सदन में लंबे समय तक अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का अवसर मिला।₹

### एफआईआर राहुल ...

याचिकाकर्ता की ओर से दावा किया गया है कि दाखिल हलफनामा उनके आरोपों के समर्थन में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने गृह मंत्रालय के फॉरेनर्स डिवीजन को निर्देश थे कि मामले से संबंधित सभी जरूरी दस्तावेज पेश करें। मंत्रालय ने केस से जुड़ी सभी फाइलें हाईकोर्ट में पेश कीं।

मामले में याचिका दायर करने वाले विग्नेश शिशिर ने दावा किया है कि उन्होंने कोर्ट के समक्ष ऐसे दस्तावेज और साक्ष्य पेश किए हैं, जिनसे यह संकेत मिलता है कि राहुल गांधी यूनाइटेड किंगडम में मतदाता रहे हैं। वहां चुनावों में भागीदारी से जुड़े रिकॉर्ड मौजूद हैं।

यह याचिका आपराधिक प्रार्थना पत्र (क्रिमिनल एप्लिकेशन) के रूप में दाखिल की गई है, जिसमें 28 जनवरी 2026 को स्पेशल MP-MLA मजिस्ट्रेट द्वारा दिए गए आदेश को चुनौती दी गई है। निचली अदालत ने कोतवाली थाना, रायबरेली को FIR दर्ज करने के निर्देश देने से इनकार कर दिया था, जिसे अब हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। जिसे हाईकोर्ट ने मान लिया है और FIR दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

### गर्मी के बीच ...

ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु और तेलंगाना के कुछ हिस्सों में भी लू चलेगी। तटीय राज्यों में मौसम उमस भरा रहेगा।

मौसम विभाग ने बताया है कि कर्नाटक-महाराष्ट्र के ऊपर बना एक एंटी-साइक्लोनिक सिस्टम मध्य भारत की तरफ बढ़ रहा है। इस वजह से तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

दिल्ली में शुक्रवार शाम को दिनभर तेज धूप और गर्मी के बाद शुक्रवार शाम में तेज बारिश हुई। धूल भरी तेज हवाओं और बारिश की वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के मुताबिक, बारिश से तापमान में 2 डिग्री की गिरावट की उम्मीद है। दिल्ली में पिछले 24 घंटों में तापमान 39 से 42 डिग्री के बीच दर्ज किया गया।

### ईरान ने होर्मुज ...

उन्होंने यह भी कहा कि भले ही होर्मजु स्ट्रेट खुल गया है लेकिन ईरान पर अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी और यह सिर्फ ईरान पर लागू होगी।

ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान होर्मुज स्ट्रेट से समुद्री बारूदी सुरंगें हटा रहा है और इस काम में अमेरिका भी उसकी मदद कर रहा है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ईरान समुद्र में बिछाई गई सभी माइन हटा चुका है या उन्हें हटाने की प्रक्रिया जारी है।

माइन हटने से होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही का खतरा कम होगा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार को राहत मिलने की उम्मीद है।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि मिडिल ईस्ट में मर्चेंट जहाजों की सुरक्षा के लिए फ्रेंच नेवी तैनात की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह कदम समुद्री व्यापार सुरक्षित करने के लिए किया जा रहा है। मैक्रों ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों की सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि इन रास्तों का सुरक्षित रहना वैश्विक सप्लाई और तेल व्यापार के लिए बेहद जरूरी है।

### परमाणु हथियार...

हालांकि, यह इतना एनरिच्ड नहीं है कि इससे परमाणु हथियार बन सकें।

अभी 120 से 130 किलोग्राम के आसपास यूरेनियम को 60% तक एनरिच्ड किया जा चुका है। अगर यह एनरिच्डमेंट 90% तक कर लिया गया तो इससे परमाणु हथियार बनाए जा सकते हैं। इसलिए अमेरिका और इजराइल, ईरान पर परमाणु कार्यक्रम सीमित करने और एनरिच्ड यूरेनियम सौंपने का दबाव बनाते रहे हैं।

### ढहाई गई संभल ...

12 दिन पहले, यानी 5 अप्रैल को मस्जिद पर कार्रवाई होनी थी, लेकिन उस समय बुलडोजर चालक ने मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार तोड़ने से मना कर दिया था। तर्क दिया था कि मीनार बुलडोजर के ऊपर गिर सकती है।

हालांकि उस दिन मदरसा, पांच दुकानें और मस्जिद का गेट तोड़ दिया गया था। दुकानों का करीब 20 फीसदी हिस्सा बच गया था, जिसे आज गिराया गया।

सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत डीएम को मिली थी। इसके बाद तहसीलदार कोर्ट ने 28 मार्च को अवैध निर्माण हटाने के लिए नोटिस जारी किया। उसी दिन जमीन की नाप कराई गई। 30 मार्च से स्थानीय मजदूरों के जरिए निर्माण हटाने का काम शुरू हुआ। 31 मार्च से मुस्लिम समुदाय के लोगों ने खुद ही मदरसा गौसुल और पांच दुकानों को तोड़ना शुरू किया, लेकिन काम पूरा नहीं हो सका।

मस्जिद कमेटी और ग्राम प्रधानपति हाजी मुनव्वर की मांग पर 5 अप्रैल को प्रशासन ने 2100 रुपए शुल्क लेकर करीब दो घंटे में मदरसा और दुकानों को ध्वस्त करा दिया।

### संभल डीएम बोले...

यह अवैध निर्माण एक प्राथमिक विद्यालय और एक उच्च प्राथमिक विद्यालय के बीच स्थित खेल के मैदान और खाद के गड्ढे की 600 वर्ग मीटर भूमि पर था। इस कब्जे के कारण दोनों विद्यालय एक-दूसरे से अलग हो गए थे। अब कब्जा हटने से दोनों स्कूल खेल के मैदान के माध्यम से आपस में जुड़ जाएंगे। हम लगातार 'लैंड बैंक' तैयार करने की प्रक्रिया में हैं। सरकारी या सुरक्षित भूमि पर जहां भी अवैध कब्जे हैं, उन्हें पुलिस और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई से हटाया जा रहा है।

## मुंबई के सेकेंड इंडविजुअल स्कोरर भी बने, श्रेयस के बेहतरीन कैच से हार्दिक आउट

# डी कॉक ने धोनी को पीछे छोड़ा

**मुकाबला**

मुंबई, एजेंसी

पंजाब किंग्स ने IPL 2026 के 24वें मैच में मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हरा दिया। वानखेड़े स्टेडियम में क्विंटन डी कॉक ने बतौर विकेटकीपर सबसे ज्यादा 50+ स्कोर के मामले में एमएस धोनी को पीछे छोड़ा।

गुरुवार को डी कॉक नाबाद 112 रन बनाकर मुंबई के लिए दूसरे सबसे बड़े व्यक्तिगत स्कोरर बने। पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर के डाइविंग कैच से हार्दिक पंड्या पवेलियन लौटे।

क्विंटन डी कॉक ने IPL में बतौर विकेटकीपर अपना 25वां 50+ स्कोर पूरा किया। सबसे ज्यादा



फिफ्टी+ स्कोर के मामले में वे दूसरे स्थान पर पहुंच गए। विकेट-कीपर के तौर पर सबसे ज्यादा 50+ स्कोर केएल राहुल (31) के नाम हैं, जबकि उनके बाद एमएस धोनी (24), दिनेश कार्तिक (21) हैं। तीसरे ओवर में अर्शदीप सिंह ने IPL में अपने 100 विकेट पूरे किए। पहली गेंद पर उन्होंने रायन रिकेल्टन को आउट किया। लेग साइड की गेंद पर रिकेल्टन का कैच शशांक सिंह ने पकड़ा। अगली गेंद पर सूर्यकुमार यादव भी आउट हो गए। सूर्या का कैच चहल ने लिया। इसी के साथ अर्शदीप IPL में 100 या

### डी कॉक मुंबई के सेकेंड हाईएस्ट इंडविजुअल स्कोरर

क्विंटन डी कॉक ने इस मैच में नाबाद 112 रन बनाकर मुंबई इंडियंस के लिए IPL में दूसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बनाया। इस लिस्ट में टॉप पर सनथ जयसूर्या हैं, जिन्होंने 2008 में यह पारी खेली थी। डी कॉक ने रोहित शर्मा को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल किया।

उससे ज्यादा विकेट लेने वाले प्रमुख लेफ्ट-आर्म पेसर्स की सूची में शामिल हो गए। इस लिस्ट में ट्रेंट बोल्ट (144), जयदेव उनादकट (114), आशीष नेहरा (106) और जहीर खान (102) शामिल हैं। अर्शदीप पंजाब किंग्स के लिए 100 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। उनसे पहले टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट पीयूष चावला (84) के नाम थे। दिलचस्प बात यह रही कि पावरप्ले में IPL में 11 पारियों (21.1 ओवर) के बाद यह उनका पहला विकेट था।

> प्रभसिमरन सिंह ने 25 साल की उम्र में पंजाब किंग्स के लिए सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने 10 बार 50 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं। इस मामले में उन्होंने डेविड मिलर (9) और शॉन मार्श (6) को पीछे छोड़ दिया।



चहल ने नमन को जीवनदान दिया।

### डी कॉक का 9वां टी-20 शतक

टी-20 क्रिकेट में डी कॉक ने नौवां शतक पूरा किया। सबसे ज्यादा शतक के मामले में टॉप पर क्रिस गेल (22) हैं। उनके बाद बाबर आजम (11) और डेविड वॉर्नर (10) हैं।

यह IPL में पंजाब किंग्स के खिलाफ किसी मुंबई बल्लेबाज का दूसरा शतक है। इससे पहले लेंडल सिमंस ने 2014 में मोहाली में नाबाद 100 रन बनाए थे। डी कॉक उन विकेटकीपर बल्लेबाजों में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने IPL की तीन अलग-अलग टीमों के लिए शतक लगाए हैं। इस लिस्ट में केएल राहुल (PBKS, LSG, DC) और संजू सैमसन (DD, RR, CSK) के साथ क्विंटन डी कॉक (DD, LSG, MI) का नाम जुड़ गया है।

## कांबली के बारे में उड़ी अफवाह सुनकर तिलमिला गईं पत्नी

### लंबे समय से बीमार चल रहे हैं कांबली

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज विनोद कांबली बीते कई महीनों से अस्वस्थ हैं। उनको लेकर कुछ दिन पहले खबर आई थी कि उनके सिर में ब्लड क्लॉट बन रही हैं जिससे उनकी याददाश्त पर असर पड़ रहा है। इन खबरों को लेकर कांबली की पत्नी एंड्रिया हेविट ने अपनी बात रखी है और कहा है कि ये अफवाह है जो किसी ने उड़ाई है। कांबली लंबे समय से बीमार चल रहे हैं। उनको उठने-बैठने और बोलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में जब उनकी याददाश्त कम होने की खबरें आईं तो हर किसी को उनकी चिंता होने लगी, लेकिन पत्नी के बयान ने इस बात को अलग ही रुख दे दिया है। एंड्रिया ने इंडिय टुडे से बात करते हुए कहा कि कांबली बिल्कुल ठीक हैं और उनके बारे में कोई अफवाह फैला रहा है। उन्होंने कहा, ₹भगवान की कृपा से विनोद ठीक हैं। मुझे नहीं



पता कि उनके बारे में कौन गलत जानकारी फैला रहा है। दरअसल, कांबली के याददाश्त खोने की जानकारी उनके ही पुराने दोस्त और पूर्व फर्स्ट क्लास अंपायर मार्कस कोउटो ने दी थी। उन्होंने कहा था कि कांबली गंभीर स्थिति से गुजर रहे हैं। कोउटो ने अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए कहा था, ₹18 महीने पहले जब वह ठाणे के अस्पताल में भर्ती हुए थे तब से उनके ब्रेन में क्लॉट है। उनकी याददाश्त अच्छी नहीं है। वह चीजों को याद करते हैं और फिर भूल जाते हैं। ये सब इसलिए हो रहा है क्योंकि उनके ब्रेन में क्लॉट है।

# क्रिकेट कनाडा में करप्शन को लेकर आईसीसी की जांच

### टी-20 वर्ल्डकप में न्यूजीलैंड और कनाडा का मैच भी शक के दायरे में

नई दिल्ली, एजेंसी

ICC की एंटी-करप्शन यूनिट (ACU) क्रिकेट कनाडा से जुड़े भ्रष्टाचार के दो मामलों की जांच कर रही है। इस जांच के दायरे में हाल ही में भारत और श्रीलंका में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप का एक मैच भी शामिल है। इसके अलावा, इंटरनेशनल और घरेलू लेवल पर एंटी-करप्शन कोड के संभावित उल्लंघनों की भी पड़ताल की जा रही है।

ICC ने यह जांच कनाडा के पब्लिक ब्रॉडकास्टर CBC के कार्यक्रम में प्रसारित डॉक्यूमेंट्री 'करप्शन, क्राइम एंड क्रिकेट' में लगाए गए आरोपों के बाद शुरू की। 43 मिनट की इस फिल्म में कनाडा क्रिकेट के प्रशासन और उसकी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। डॉक्यूमेंट्री में टी-20 वर्ल्ड





कप के दौरान कनाडा और न्यूजीलैंड के बीच हुए मैच का जिक्र किया गया है। मैच में कनाडा ने तेज गेंदबाजों से शुरुआत की थी, लेकिन तीसरे ओवर में ही स्पिनर साद बिन जफर को ले आए। इसके बाद अगले स्पिनर के तौर पर रविंदरपाल सिंह बाजवा आए। बाजवा ने अपने ओवर की शुरुआत नो-बॉल से की, फिर लेग साइड पर एक वाइड फेंकी और अंत में उस ओवर में 15 रन दिए। बाजवा बल्लेबाज हैं जो पार्ट-टाइम ऑफ स्पिन करते हैं। उनके इसी ओवर की गेंदबाजी को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

## वानखेड़े या चेपॉक में खेल सकते हैं, अभी काफ इंजरी से रिकवरी कर रहे हैं

# अगले हफ्ते धोनी आईपीएल में वापसी कर सकते हैं

नई दिल्ली, एजेंसी

चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अगले हफ्ते IPL में वापसी कर सकते हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया ने टीम सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि उनकी चोट में तेजी से सुधार हो रहा है और वह आने वाले बड़े मुकाबलों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।

धोनी को IPL शुरू होने से करीब एक हफ्ते पहले प्रैक्टिस सेशन के दौरान पिंडली में खिंचाव आ गया था। इसी वजह से वह टूर्नामेंट के शुरुआती तीन हफ्तों में नहीं खेल पाए। अब उनकी वापसी को लेकर कयास तेज हो गए हैं। संभावना है कि धोनी 23 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में मैदान पर उतर सकते



हैं। अगर ऐसा नहीं होता, तो वह 26 अप्रैल को गुजरात टाइटन्स के खिलाफ चेपॉक स्टेडियम में खेलते नजर आ सकते हैं। भले ही धोनी मैच नहीं खेल रहे हैं, लेकिन वे नेट प्रैक्टिस में लगातार पसीना बहा रहे हैं। धोनी ने हाल ही में नेट्स पर लंबी बल्लेबाजी की है। इस दौरान उन्होंने अपनी 'रेंज हिटिंग'पर खास काम किया। नेट सेशन के दौरान धोनी पुराने अंदाज में लंबे छक्के लगाते दिखे, जिससे संकेत मिल रहे हैं



### सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में नहीं खेलेंगे

चेन्नई सुपर किंग्स का अगला मुकाबला शनिवार को सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) से होना है। हालांकि, इस मैच में धोनी प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं होंगे। टीम मैनेजमेंट उनकी फिटनेस को लेकर कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहता। CSK के सूत्रों ने कहा,'धोनी अभी रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। हम उनकी फिटनेस के साथ कोई जोखिम नहीं लेना चाहते, इसलिए उन्हें पूरी तरह फिट होने का समय दिया जा रहा है।'

कि वे अपनी लय हासिल कर चुके हैं। धोनी की वापसी के बाद CSK उन्हें किस भूमिका में रखेगी, यह देखना दिलचस्प होगा। वर्तमान में संजू सैमसन विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं और संभावना है कि वे ही इसे जारी रखेंगे। ऐसे में टीम धोनी को 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर इस्तेमाल कर सकती है।

## मनोरंजन

# दुनियाभर में बढ़ रही है 'डकैत' की दहशत

### धुरंधर 2 की नाक के नीचे से उड़ाए इतने करोड़

नई दिल्ली। मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष की फिल्म 'डकैत' बॉक्स ऑफिस पर भले ही 'धुरंधर 2' जैसा मुकाम हासिल न कर पाई हो, लेकिन एक हफ्ते के अंदर इसने भारत और वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा बिजनेस कर लिया है। तेलुगु बेल्ट में मृणाल ठाकुर की 'डकैत' जहां अच्छा प्रदर्शन कर रही है, तो वहीं दूसरी तरफ इस फिल्म ने कछुए की चाल चलते हुए निर्देशक आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर 2' की नाक के नीचे से काफी पैसे उड़ा लिए हैं।

> घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भले ही मृणाल ठाकुर और अदिवि शेष स्टारर फिल्म 'डकैत', अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' और रणवीर सिंह की ब्लॉकबस्टर 'धुरंधर 2' के बीच पिस रही हो, लेकिन वर्ल्डवाइड मार्केट में इस फिल्म का क्रेज बढ़ता हुआ दिख रहा है।

घरेलू और वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर अब तक 'डकैत' का कुल कितना कलेक्शन हुआ है? एक हफ्ते के अंदर मृणाल ठाकुर की इस रोमांटिक-थ्रिलर फिल्म 'डकैत' ने इंडिया में कुल नेट कलेक्शन 28.30 करोड़ रुपये और ग्रॉस कलेक्शन 31.49 करोड़ रुपये का कर लिया है।






### 'डकैत' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर किया इतना बिजनेस

मेकर्स ने 'डकैत' को हिंदी और तेलुगु भाषा में 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज किया था। तेलुगु भाषा में जहां अदिवि शेष की फिल्म को अच्छी ओपनिंग मिली, तो वहीं हिंदी बेल्ट में यह फिल्म बहुत ज्यादा अच्छी कमाई नहीं कर पाई। सैकनिल्क डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक, 'डकैत' ने रिलीज के सातवें दिन यानी गुरुवार को तेलुगु में 92 लाख रुपये और हिंदी में 33 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' (Bhooth Bangla) के सिनेमाघरों में आने का असर भी इस फिल्म की कमाई पर साफ नजर आ रहा है। 70 से 80 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने एक हफ्ते के अंदर वर्ल्डवाइड 43.89 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। ओवरसीज मार्केट में भी फिल्म की कमाई 12.40 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। आपको बता दें कि 'डकैत' के निर्देशन की कमान शेनिल देव ने संभाली है।


# अनुष्का शर्मा के पति विराट कोहली से फिर हुई गलती से 'मिस्टेक'?

### यूजर्स बोले- 'भाभी एल्गोरिदम का कुछ करना होगा'

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली एक बार फिर से अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की एक्टिविटी को लेकर चर्चा में आ गए हैं। पिछली बार जब उनके अकाउंट से टीवी अभिनेत्री अवनीत कौर की तस्वीर लाइक हुई थी, तो इस गलती का पूरा ठीकरा उन्होंने 'इंस्टाग्राम एल्गोरिदम' पर फोड़ दिया था। हालांकि, अब विराट कोहली के अकाउंट से फिर कुछ ऐसा हो गया है, जो इंटरनेट के जासूसों की पैनी नजरों से बच नहीं सका। अनुष्का शर्मा के पति ने इस बार गलती से किसकी फोटो लाइक कर दी, जिसने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है? अवनीत कौर के बाद विराट कोहली इस बार एक जर्मन व्लॉगर 'लेजला' (Lejla) की फोटो लाइक करने को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं। हैरानी की बात यह है कि यह 'लाइक' इसी साल 30 जनवरी की एक पोस्ट पर किया गया है। जिस फोटो को लाइक किया गया है, उसमें यह खूबसूरत जर्मन व्लॉगर स्काई ब्लू रंग की वन-पीस ड्रेस पहनकर पोज देती नजर आ रही हैं। यह पोस्ट विराट कोहली ने सच में खुद लाइक



की है या फिर एक बार फिर से 'एल्गोरिदम' की कोई तकनीकी गड़बड़ी हुई है? इसे लेकर अभी तक क्रिकेटर की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि, इस 'लाइक' का स्क्रीनशॉट सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर फैंस की हंसी नहीं रुक रही है। विराट कोहली की इस वायरल खबर को देखने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स जमकर मजे ले रहे हैं और अनुष्का शर्मा का भी जिक्र कर रहे हैं।





# क्राइम ड्रामा में 'मटका किंग' बनकर छाए विजय वर्मा

### विजय वर्मा, असल कहानी से कितना न्याय कर पाई सीरीज?

नई दिल्ली। जुए में ईमानदारी...ये लाइन सुनने में ही थोड़ी अजीब लगती है क्योंकि दो शब्द एक दूसरे से एकदम अलग। लेकिन क्या ये हो सकता है? बिल्कुल हो सकता है। आज जुआ सिर्फ एक खेल है लेकिन 60 के दशक में यह सिर्फ एक खेल नहीं बल्कि धंधा भी था। इसी दशक में जुए के किंगपिन (मटका किंग) माने जाने वाले रतन खत्री से प्रेरित सीरीज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हुई है।

रतन ने बेईमानी के माहौल में ईमानदारी से जुए का धंधा चलाया और उसे ना सिर्फ मुंबई शहर बल्कि पूरे देश में फैलाया और सफल भी हुए। भारतीय जुआ सरगना और फिल्म निर्माता रतन खत्री की जिंदगी से प्रेरित सीरीज मटका किंग भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के बाद बॉम्बे में उनके जुए के धंधे चलाने से शुरू होती है। सीरीज में विजय वर्मा ने ब्रिज भट्टी का लीड कैरेक्टर प्ले किया है जो बॉम्बे में अपने सेठ (गुलशन ग्रोवर) से अलग होकर अपना खुद का धंधा चलाना शुरू करता है। लेकिन जब ये खेल ज्यादा फायदा नहीं पहुंचाता और मार्केट में भट्टी की हंसी उड़ने लगती है तो भट्टी के दिमाग में इस खेल को चलाने का एक अलग आइडिया सूझता है- मटके के साथ लोगों की किस्मत आजमाना।



सीरीज थोड़ी लंबी है यानी हर एपिसोड औसतन 50 मिनट का है जिससे कहानी थोड़ी धीरे-धीरे आगे बढ़ती है। पहला एपिसोड आधा होने के बाद सीरीज देखने की रिदम बनती है। वहीं कुछ चीजें जिन्हें सीरीज में नजरअंदाज किया जा सकता था, जिससे इसका रनटाइम कम हो जाता। इसीलिए कुछ दर्शकों को स्टोरीटेलिंग थोड़ी धीमी लग सकती है।

इतना रनटाइम होने के बावजूद रतन खत्री से इंस्पायर किरदार का बैकग्राउंड पूरी तरह से नहीं दिखाया गया कि वो ऐसा क्यों बना?

फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक और गाने कुछ खास नहीं है, अच्छा म्यूजिक इस तरह की सीरीज को और भी बेहतर बनाती है जिसकी कमी इसमें खलती है। खासकर जब मटके का खेल होता है, या ब्रिज भाटी और उसके भाई की लव स्टोरी वाले सीन में। क्लाईमैक्स का म्यूजिक ठीक-ठाक है।

